जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

जालोर

Rashtradoot

फोनः- 226422, 226423 फैक्सः- 02973-226424 | वर्षः 19 | संख्याः 126 | प्रभात | जालोर, रविवार 11 अगस्त, 2024 | पो. रजि. /RJ/SRO/9640/2022-24 | पृष्ठ 6 | मूल्य 2.50 रु.

## कांग्रेस के सांसदों की संसद में सक्रियता अब मापी जायेगी

### राहुल गांधी द्वारा तैयार सिस्टम हर पार्टी के सांसद पर निगरानी रखेगा

**-रेणु मित्तल-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 अगस्त। कांग्रेस सांसद जाग जाएं। राहुल गांधी आ गए हैं। राहुल गांधी के निर्देशों पर, एक मूल्यांकन प्रणाली विकसित की जा रही है, जो संसद के दोनों सदनों-लोकसभा एवं राज्यसभा में सांसदों के कामकाज का आकलन करेगी।

एक कमेटी बनाई जाएगी, जो सभी सांसदों के कार्य-निष्पादन एवं प्रदर्शन पर नजर रखेगी।

सूत्रों का कहना है कि कमेटी देखेगी कि किस सांसद ने कितने प्रश्न पूछे, जन-हित के क्या-क्या मुद्दे उठाये गये, जब पार्टी ने उसे बोलने का अवसर दिया, तो उस सांसद की कैसी तैयारी थी, वह कितने प्रभावी तरीके से उसने सत्तारूढ़ पार्टी का मुकाबला किया तथा सांसद ने हस्तक्षेप करने में कितनी फुर्ती, सक्रियता एवं समझदारी दिखाई।

हाल में ही हुई एक मीटिंग में, राहुल गांधी ने सांसदों से कहा था कि उन्हें बोलने का अवसर दिया जायेगा तथा अकेले वे (राहुल) ही नहीं बोलेंगे। यह बजट सत्र में उस समय दिखाई भी दिया, जब कांग्रेस सांसदों को बोलने का अवसर दिया गया। ऐसी अपेक्षा है कि सांसदों के प्रदर्शन के आधार पर उनकी रैंकिंग भी तय की जायेगी।

- **किस सांसद ने कितने सवाल पूछे, कितने जनहित के मुद्दे उठाये, जब उन्हें सदन में बोलने का मौका दिया गया तो उनकी बोलने की तैयारी कैसी थी, कितने प्रभावी ढंग से सरकार का सामना किया और सदन में सलीके से हस्तक्षेप (इन्टरवैन्शन) किया।**
- **हाल ही में अपनी पार्टी के सांसदों को संबोधित करते हुए, राहुल गांधी ने कहा था कि हर सांसद को सदन में बोलने का मौका मिलेगा और राहुल गांधी ही बोलें ऐसा नहीं होगा। इसी नीति के तहत, बजट सत्र में कांग्रेस के कई सांसदों को बजट पर बोलने का मौका दिया गया था।**
- **युवा सांसद, राहुल की इस वर्किंग स्टाइल से काफी खुश हैं, पर, पुराने सांसद अभी काफी अटपटा महसूस कर रहे हैं।**

सूत्रों का कहना है कि जहाँ यह तन्त्र अस्तित्व में आ रहा है, वहीं इस तन्त्र के आधार पर ही यह तय किया जायेगा कि अगले चुनाव में टिकट के लिये उनके नाम पर विचार किया जाये अथवा नहीं। दरअसल, राहुल गांधी बौद्धिक एवं जोशीले सांसदों की टीम बना रहे हैं, जो सत्तारूढ़ भाजपा से टक्कर ले सके तथा उसे उसी की चाल पर मात दे सके।

बहुत से युवा सांसद नोटिस देने में, शून्यकाल में मुद्दे उठाने में तथा विभिन्न मुद्दों पर बोलने में तत्परता दिखा रहे हैं। पुराने एवं उम्रदराज सांसद, जो प्रायः पीछे बैठते हैं, इस नई राहुल-संस्कृति के साथ तालमेल नहीं बिठा पा रहे तथा वे कुछ असहज महसूस कर रहे हैं क्योंकि वे ज्यादा सक्रिय नहीं हैं तथा उन्हें राहुल गांधी की कार्यशैली के साथ तालमेल बिठाने में मुश्किल आ रही है।

एक कांग्रेस नेता ने कहा कि पार्टी के युवा सांसद सक्रिय हैं लेकिन वरिष्ठ सांसदों को भी अपने-अपने पैरों पर खड़े होने की जरूरत सचमुच महसूस होगी।



## पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह का निधन

नई दिल्ली, 10 अगस्त। पूर्व विदेश मंत्री एवं कांग्रेस के दिग्गज नेता नटवर सिंह का लंबी बीमारी के बाद शनिवार रात को निधन हो गया है। नटवर सिंह ने 95 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। वो

- **सन् 2004 से 2005 में यू.पी.ए. सरकार में मंत्री रहे नटवर सिंह लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें गत 31 जुलाई को इलाज के लिए मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## गत वर्ष जारी हिंडनबर्ग रिपोर्ट से अडानी ग्रुप को शेयर मार्केट में 150 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था

### इस वर्ष फिर नई हिंडनबर्ग रिपोर्ट जारी होने को तैयार है तथा ट्विटर पर (एक्स पर) हिंडनबर्ग ने मैसेज दिया है, "भारत के बारे में बहुत भारी हंगामा होगा", रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद

**-श्रीनंद झा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 अगस्त। अडानी के बाद कौनसा इंडियन कॉरपोरेट ग्रुप हिंडनबर्ग के निशाने पर होगा।

अमेरिका के एक शॉर्ट सैलर ग्रुप द्वारा एक्स पर लिखे पहेली नुमा मैसेज "भारत में जल्दी ही कुछ बड़ा होगा।" के बाद से औद्योगिक क्षेत्र के राजनैतिक हल्कों में यह सवाल चल रहा है।

सभी तरह की अटकलें चल रही हैं, पर इस संभावना से भी इंकार नहीं है कि नई हिंडनबर्ग रिपोर्ट अडानी ग्रुप के बारे में हो सकती है। गत वर्ष हिंडनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद अडानी ग्रुप और भारतीय बाजार को भारी नुकसान हुआ था। अडानी समूह की वैल्यु 150 अरब यू.एस. डॉलर गिर गई थी।

अपनी रिपोर्ट में हिंडनबर्ग ने आरोप लगाया था कि अडानी समूह की सेबी

- **इस बार भारत का कौन सा बड़ा उद्योगपति हिंडनबर्ग का टारगैट होगा?**
- **एक अन्य संभावना यह भी है कि, हो सकता है नई हिंडनबर्ग रिपोर्ट में उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनियों के काम-काज के बारे में ही नई जानकारी उजागर हो, अडानी ग्रुप को एक बार फिर भारी झटका देने के लिये।**
- **पिछली रिपोर्ट में हिंडनबर्ग ने कहा था कि सेबी से मिलीभगत करके अडानी ग्रुप ने अपने शेयर के दामों में भारी हेराफेरी की थी तथा इस गलत ढंग से कमाये पैसे को "टैक्स हेवन्स" का उपयोग करके वापस भारत लाये थे।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## पाक से ड्रग्स लेकर आया ड्रोन खेत में गिरा

### बी.एस.एफ. ने पकड़ी 15 करोड़ की हेरोइन

श्रीगंगानगर, 10 अगस्त (कासं)। पाकिस्तान से एक बार फिर ड्रोन से भारत में हेरोइन तस्करी की कोशिश की गई है पर इस बार उसकी योजना कामयाब नहीं हुई। बी.एस.एफ. ने शनिवार सुबह अनूपगढ़ से लगती भारत-पाक सीमा पर मौजूद एक खेत से तीन किलो हेरोइन और एक ड्रोन बरामद किया है।

हेरोइन की कीमत करीब 15 करोड़ रूपए बताई जा रही है। फिलहाल, बी.एस.एफ. के जवान स्थानीय पुलिस के साथ पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन में जुटे हुए है। अधिकारियों ने बताया अनूपगढ़ के गांव 30 ए.पी.डी. के पास कालूराम नायक के खेत में आज सुबह करीब चार बजे ड्रोन पड़ा होने की सूचना मिली, जिस पर बी.एस.एफ. के जवान मौके पर पहुंचे और ड्रोन को जब्त किया। ड्रोन में पीले रंग के पैकेट मिले। पैकेटों में तीन किलो हेरोइन थी जांच में पता चला कि ड्रोन पाकिस्तान से भेजा गया था जो तकनीकी खराबी के कारण सीमा के पास खेत में गिर गया, इससे तस्करी की योजना फेल हो गई।

बता दें कि पिछले महीने 23 और 24 जुलाई को भी पाकिस्तान से भारत में हेरोइन भेजी गई थी। लेकिन बी.एस.एफ. के जवानों ने हेरोइन जब्त कर पाकिस्तानी तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया था, उसकी कीमत 30 करोड़ रुपए थी। लेकिन करोड़ों रूपए के मादक पदार्थ जब्त होने के बाद भी पाकिस्तानी तस्कर बाज नहीं आ रहे हैं। बता दें कि अनूपगढ़ क्षेत्र में इस साल अब तक पाकिस्तान से आई कुल 41.478 किलोग्राम हेरोइन जब्त की जा चुकी है, जिसकी कीमत 200 करोड़ रूपए से ज्यादा बताई जा रही है।

- **अनूपगढ़ के गांव ए.पी.डी. के पास कालूराम नायक के खेत में आज सुबह करीब चार बजे ड्रोन पड़ा होने की सूचना मिली, उसमें पीले रंग के पैकेट में तीन किलो हेरोइन पाई गई।**
- **सूत्रों ने बताया पाकिस्तान से आया यह ड्रोन तकनीकी खराबी के कारण सीमा के पास खेत में गिर गया।**

## टी.वी. सोमनाथन कैबिनेट सचिव बने

नई दिल्ली, 10 अगस्त। सरकार ने इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज़ (आई.ए.एस.) के वरिष्ठ अधिकारी टी.वी. सोमनाथन को देश के अगले कैबिनेट सचिव के रूप में नियुक्त करने का निर्णय लिया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा शनिवार को जारी सर्कुलर के अनुसार, तमिलनाडु कैडर के 1987 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी टी.वी. सोमनाथन इस महीने के अंत में अपना नया कार्यभार

- **तमिलनाडू कैडर के 1987 के सोमनाथन वर्तमान सचिव राजीव गौबा का स्थान लेंगे। उनका कार्यकाल 30 अगस्त से शुरू होगा और वह अगले दो सालों तक इस पद पर बने रहेंगे।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## आर्थिक संकट में घिरे तेलंगाना के युवा पत्रकार ने आत्महत्या की

### यह बेहद दुखद घटना देश में बढ़ती बेरोजगारी का एक उदाहरण है

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 अगस्त। तेलंगाना के एक युवा, ईमानदार एवं मेहनती पत्रकार की कथित आत्महत्या देश में फैली दुखद बेरोजगारी की स्थिति का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कुल मिलाकर, बेरोजगारी के कारण युवाओं तथा अधेड़ उम्र वाले लोगों तक में आत्महत्या की प्रवृत्ति बढ़ रही है।

तेलंगाना के वारंगल नगर में एक तेलुगू वैब चैनल में कार्यरत एक 36 वर्षीय पत्रकार की आत्महत्या की खबर से राज्य की पूरी मीडिया बिरादरी को जबरदस्त धक्का लगा है। 36 वर्षीय पत्रकार जी.योगी रेड्डी (36 वर्ष) ने पहले तो अपनी 9 वर्ष की बेटी आद्या को फन्दे पर लटकाया तथा उसके बाद स्वयं फन्दे पर लटक गया। रेड्डी के रिश्तेदार तथा उसके व्यक्तिगत एवं प्रोफेशनल मित्रों को यह विश्वास कर पाना मुश्किल हो रहा है कि उसने आर्थिक परेशानियों के कारण इतना भयानक कदम उठा लिया। वह अपने पीछे अपनी पत्नी को छोड़ गया है।

शुक्रवार की शाम, योगी रेड्डी तथा उसकी बेटी आद्या वारंगल के उस एक कमरे के ऑफिस में फन्दे से लटके पाये गये, जिसमें वह काम किया करता था। इस ब्रेकिंग न्यूज से तेलंगाना, आंध्रप्रदेश तथा अन्य राज्यों के तेलुगूभाषी पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई। एक पत्रकार, जिसने अपनी पुत्री को अपनी अन्तिम

- **जिस दिन 36 वर्षीय योगी रेड्डी की आत्महत्या की खबर आई, उसी दिन देश के एक बड़े औद्योगिक घराने ने 42,000 कर्मचारियों को निकाल दिया था।**
- **चढ़ते शेयर बाजार और बढ़ती जी.डी.पी. के बावजूद भी बेरोजगारी में निरंतर वृद्धि होना दर्शाता है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की अंतर्निहित कमियों ने देश की जनता को प्रभावित करना शुरु कर दिया है।**
- **अर्टिफिशल इन्टैलिजैंस और उच्च स्तरीय ऑटोमैटिक मशीनों के कारण इंसान पर निर्भरता कम हो रही है, यही वजह है कि देश भर में निजी क्षेत्र में कर्मचारियों की छंटनी हो रही है।**
- **सरकारी क्षेत्र भी पीछे नहीं हैं, वहां भी सरकारी कामों को आउट सोर्स किया जा रहा है और नए कर्मचारियों की भर्ती निरंतर कम हो रही है।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 1389 अग्निवीर नौसेना में शामिल हुये

नई दिल्ली, 10 अगस्त (वार्ता)। अग्निवीरों के चौथे बैच की पासिंग आउट परेड के बाद 214 महिला अग्निवीरों सहित 1389 अग्निवीर के आईएनएस चिल्का में शुक्रवार को नौसेना में शामिल हो गये।

- **नौसेना में शामिल होने के लिए इन अग्निवीरों को नौसेना की 16 महीने की कठोर ट्रेनिंग दी गई है, इनमें 214 महिला अग्निवीर भी शामिल हैं।**

रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि अग्निवीरों को 16 सप्ताह का कठोर नौसैनिक प्रशिक्षण दिया गया है। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने इस मौके पर आयोजित दीक्षांत परेड की समीक्षा की। इस मौके पर वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास, फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, दक्षिणी नौसेना कमान और पूर्वी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर भी उपस्थित थे। अग्निवीरों के परिवारजन भी इस गौरवशाली कार्यक्रम में शामिल हुए।

प्रशिक्षण के बाद दीक्षांत परेड न केवल अग्निवीरों के प्रारंभिक प्रशिक्षण के सफल समापन का प्रतीक है, बल्कि भारतीय नौसेना में अग्निवीरों के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत का भी प्रतीक है। नौसेना प्रमुख ने परेड को संबोधित करते हुए प्रशिक्षुओं को बधाई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 1940 के दशक से 1960 तक बड़े-बड़े उद्योगों के मालिकों की सूची में कोई खास परिवर्तन नहीं हुआ

### पर, 1960 के दशक में देश में मंदी का दौर (रिसैशन) आया तो भारी उथल-पुथल हुई इस सूची में और कई बड़े-बड़े मिल मालिक धराशायी हुए

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 10 अगस्त। "मध्यम आय का शिकंजा" राष्ट्रों एवं देशों के विकास अनुभव में कोई असामान्य खासियत नहीं है। कुछ देश जहां आशाजनक शुरुआत करते हैं, लेकिन एक निश्चित समय के बाद गतिहीन हो जाते हैं। वे मध्यम आय वाले वंचित देशों से ऊंची प्रति व्यक्ति आय वाले विकसित देशों में तब्दील होने में विफल रहते हैं।

कई विकास अर्थशास्त्रियों ने मध्यम आय के जाल को पहचाना और उसका परीक्षण किया। कई सुझाव दिए जा चुके हैं, लेकिन इन पूर्व सूचनाओं और सलाहों के बावजूद यह जाल बार-बार बना रहता है।

इस वर्ष की वर्ल्ड डवलपमैंट रिपोर्ट (डब्ल्यू.डी.आर.) में आर्थिक वृद्धि के इस सुविज्ञ लक्षण का परीक्षण करने और इस समस्या के समाधान के तरीके बताने की कोशिश की गई है। डब्ल्यू.डी.आर. 2024 इस समस्या को समाप्त करने के तरीकों की सलाह देता है और मध्यम आय वर्ग के देशों को आगे बढ़ने में मदद देता है।

वर्ल्ड डवलपमैंट रिपोर्ट 2024 में नीतिगत प्राथमिकताओं को लेकर एक स्पष्ट मार्ग सुझाया गया है। इसे 3 आई रणनीति कहा जा सकता है। तीन आई का अर्थ है इन्वैस्टमैंट, इन्फ्यूज़न और इनोवेशन। रिपोर्ट एक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने के बाद यही प्रश्न करती है। प्रश्न यह है कि "क्या मध्यम आय वर्ग के देशों की आर्थिक वृद्धि आय के अन्य स्तरों वाले देशों से भिन्न होती है?

इसका उत्तर है "हाँ" रिपोर्ट सुझाती है कि "मध्यम आय वर्ग के सफल देशों को आर्थिक संरचना विकसित करने के लिए ऐसे दो सफल परिवर्तन करने होंगे, जिनमें अन्ततः इनकम के हाई लैवल बरकरार रहें।

ये परिवर्तन कौनसे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, पहला परिवर्तन है - निवेशोन्मुखी ग्रोथ की एकल रणनीति से दोहरी रणनीति की ओर जाना जिसमें निवेश के साथ विदेश की नई तकनीकियों का समावेश करना और उसका घरेलू परिदृश्य में प्रसार करना शामिल है। अर्थात पहले "आई" से दूसरे "आई" की तरफ जाना।

अगले चरण में, "मध्यम आय वर्ग वाले देशों को तीसरे "आई" (इनोवेशन) की ओर जाना होगा, जिसमें नवाचार पर अधिक ध्यान देना होता है। यह ऐसी प्रक्रिया है जो उच्च आय वर्ग वाले देशों पर अधिक लागू होती है।" यद्यपि, इस संक्रमणकाल में कुछ दर्दपूर्ण प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। खासतौर पर, नवाचार अर्थव्यवस्थाओं में कठिनाईयां पैदा करता है तथा इसमें पुर्नसमायोजन शामिल होता है, जिसे निहित स्वार्थी वर्गों और पहले से जमे बैठे लोगों से प्रायः कड़ी चुनौती मिलती है।

डब्ल्यू.डी.आर. 2024 में अर्थव्यवस्थाओं की कमजोर गति को दूर करने का एक नया तरीका सुझाया गया है, जो घोर गरीबी और कमजोर विकास से मुक्ति दिलाने में सफल रहा है। रिपोर्ट में मध्यम आय वर्ग वाले देशों को सुझाव दिया गया है कि वे आर्थिक रूकावट दूर करने के लिए आर्थिक संकट का सदुपयोग करें। एक अन्य सुविज्ञ लक्षण क्रिएटिव डैस्ट्रक्शन से पार पाने के लिए आर्थिक संकट उपयोगी है। जाने-माने अर्थशास्त्री जोसफ शॉपीटर ने "क्रिएटिव डैस्ट्रक्शन" का विचार सबसे पहले प्रस्तुत किया था।

रिपोर्ट में मध्यम आय वर्ग की अर्थव्यवस्थाओं की दशा को संक्षेप में इस प्रकार बताया गया है। चूंकि मध्यम आय वर्ग वाले देशों को इन्वैस्टमैन्ट, इन्फ्यूज़न और इनोवेशन को पुनः संयोजित करने की जरूरत है, इसलिए आर्थिक संकट एक जरूरी बुराई बन सकता है क्योंकि इन्वैस्टमैन्ट, इन्फ्यूज़न और इनोवेशन यथास्थिति कमजोर कर आर्थिक गति प्रदान करते हैं। कोई अर्थव्यवस्था जब नए उद्यमियों के बनिस्पत मौजूदा आर्थिक खिलाड़ियों को तरजीह देती है तब संरचनात्मक कठिनाईयां कारकों को समाप्त कर दिया जाए जो नए उद्यमियों और उनकी कुशल उत्पादन प्रक्रिया को अवरुद्ध करते हैं।

जो बात बाद में समझ में आई वह यह है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास की कुछ ऐसी ही प्रक्रिया रही है, खास तौर पर आर्थिक सुधारों के बाद के वर्षों में जो बात तुरन्त दिमाग में आती है, वह है भारतीय उद्यमी वर्ग की बदलती प्रोफाइल। भारत क्यों आर्थिक विकास कर रहा है और वैश्विक विकास की तकनीकियों को क्यों ग्रहण कर रहा है तथा अपने उद्यमी वर्ग को पोषित करने में क्यों समर्थ हैं?

यदि हम स्वतंत्रता के समय के अग्रणी औद्योगिक घरानों की सूची का परीक्षण कर उसकी तुलना 1960 के दशक से करें तो पता चलेगा कि इस दौरान थोड़े ही बदलाव हुए। चालीस के दशक के अधिकांश अग्रणी औद्योगिक घराने साठ के दशक की शुरुआत के औद्योगिक घरानों के समान थे।

1960 के दशक के अन्त में जब भारत ने आर्थिक मंदी का सामना किया था, तब उस समय की बड़ी औद्योगिक फर्म्स घाटा खा गई थीं। उनका संबंध नए उद्यमियों वाली लघु एवं छोटी कम्पनियों से था। लेकिन वास्तविक बदलाव आया 1980 के दशक के अन्त से वर्ष 1991-92 के दौरान। इस बदलाव के मुख्यतः दो कारण थे। प्रधानमंत्री के रूप में राजीव गांधी के संक्षिप्त कार्यकाल में भारतीय अर्थव्यवस्था को गति प्रदान की गई। सस्ते कम्प्यूटर्स सहित आयात की जाने वाली कई महत्वपूर्ण वस्तुओं के लिए

- **राजीव गांधी के, प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल में काफी लिब्रलाइज़ेशन हुआ, निर्यात-आयात नीति में। कस्टम ड्यूटी बहुत कम की गई, विशेषकर कम्प्यूटर आदि इलैक्ट्रॉनिक सामान पर।**
- **इन परिवर्तनों से पुराने उद्योगपति व मिल मालिक लगभग ठंडे पड़ गये, शायद दो बड़े पुराने मिल मालिक बचे, टाटा समूह व बिड़ला ब्रदर्स।**
- **नये उद्योगपति उभरे विशेषकर आई.टी. इण्डस्ट्री में।**
- **वर्ल्ड डवलपमैंट रिपोर्ट 2024 ने, इस प्रक्रिया को नैसर्गिक प्रक्रिया बताया और जो देश इस नई टैक्नॉलजी को कुछ स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार स्वीकार करते गये, वे जीवित रह गये और उन्नति करते गये। इस सूची में भारत काफी आगे है।**
- **अन्यथा, जो देश भारी भुखमरी व निर्धनता को पार कर मध्यम इकॉनमी के दल-दल में फंस गये, वे उन्नत देशों की लाइन में नहीं पहुंच पाये और आगे नहीं बढ़ पाये।**

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मोदी ने वायनाड का हवाई सर्वे किया

वायनाड/ नई दिल्ली, 10 अगस्त (वार्ता) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केरल के वायनाड में भूस्खलन की तबाही से प्रभावित क्षेत्रों का शनिवार को हवाई सर्वेक्षण किया। मोदी सुबह नयी दिल्ली से केरल पहुंचे। इलाके के हवाई सर्वेक्षण के समय श्री मोदी के साथ केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन भी थे। मोदी हवाई सर्वेक्षण के बाद आपदा प्रभावित इलाकों में खुद जाकर स्थिति का जायजा लेंगे।

- **मोदी सुबह नई दिल्ली से केरल पहुंचे। भूस्खलन प्रभावित इलाकों के हवाई सर्वेक्षण के समय प्र.मंत्री मोदी के साथ केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन भी थे।**

सूत्रों के अनुसार, श्री मोदी वहां स्थानीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं पर बातचीत भी कर सकते हैं। नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि हवाई सर्वेक्षण के दौरान श्री मोदी ने उस इलाके का भी निरीक्षण किया, जहां से भूस्खलन शुरू हुआ था। उन्होंने पुंचिरिमट्टम, मुंडिकि और चूड़ालमाला इलाके का भी हवाई निरीक्षण किया।

गौरतलब है कि पारिस्थितिकी की दृष्टि से संवेदनशील पश्चिमी घाट क्षेत्र में 30 जुलाई को भूस्खलन की घटना में करीब दो सौ लोगों की मौत हो गयी थी और सैंकड़ों की संख्या में लोग घायल हो गये। भारी वर्षा के कारण भूस्खलन इरुवझिंजी पुझा नदी में बाढ़ के चलते शुरू हुआ था।

## विचार बिन्दु

घर का मोह कायरता का दूसरा नाम है। –अज्ञात

# पुराने वनों का संरक्षण सबसे बड़ा प्राकृतिक जलवायु समाधान है

ऐसे वन जो विकास के उन्नत चरण में हैं या जहाँ विविध प्रजातियों के पुराने, मोटे और बड़े वृक्षों की बहुतायत है उन्हें दुनिया प्राइमरी फॉरेस्ट्स या ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट्स के नाम से जानती है। ऐसे वनों के पारिस्थितिक, सामाजिक और आर्थिक महत्त्व पर विश्व भर में बड़ी शोध हुई है। ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट्स की अभी भी कोई एक मानक परिभाषा नहीं है। फिर भी इन वनों में प्रमुख प्रजातियों की लंबी उम्र, प्राकृतिक गड़बड़ी का कम से कम होना, मानव हस्तक्षेप का कम होना, छाया–सहिष्णुता या छाया में भी उग सकने वाली प्रजातियों की बहुलता, विशिष्ट संरचनाओं, जैसे बड़े–बड़े पेड़, खोखलों में घोंसले बनाने वाले पक्षियों की उपस्थिति और बहुतायत, भारी–भरकम पुराने वृक्षों के यत्र तत्र गिरे–पड़े संचित सूखे तने, मिट्टी के ऊपर पत्तियों और सूखी टहनियों की मोटी परत आदि लक्षणों के संदर्भ में पहचाना और परिभाषित किया जाता है। इन क्षेत्रों में मिलने वाले बड़े वृक्षों में मधुमक्खियों के छत्ते भी प्राय: देखे जाते हैं। इसके अलावा बड़े वृक्षों के मुख्य तने में छाल में निवास करने वाले विविध प्रजातियों के कीड़े–मकोड़े पाये जाते हैं। सैप्रोजायलिक कवक, लाइकेन तथा कीड़ों की प्रजातियां बड़ी संख्या में सूखी गिरी पड़ी लकड़ी पर निर्भर होती हैं।

ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट के नीचे की मिट्टी की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसमें पोषक तत्वों की प्राय: कोई कमी नहीं पाई जाती। नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम के साथ सूक्ष्म पोषक तत्व भी प्रचुर मात्रा में मिलते हैं क्योंकि यदि आग, चराई और कटान नहीं हो रहा है तो बायोजियोकेमिकल चक्र सुचारु रुप से चलते हैं। ऐसा संभव है ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट्स के आसपास कोई नदी नाला या नम भूमि इत्यादि हो। प्राय: यह भी देखा गया है कि ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स में पौधों और प्राणियों की जो प्रजातियां मिलती हैं वे समीपवर्ती वन क्षेत्रों से कुछ भिन्न हो सकती हैं। इन क्षेत्रों में प्राय: बड़े बीजों वाली प्राणी–विकीर्णित वृक्ष प्रजातियों का बाहुल्य होता है।

उष्णकटिबंधीय वनों में जहां प्रजातियों की विविधता और प्राकृतिक वातावरण पर मानव दबाव दोनों ही अधिक हैं, भूमि–उपयोग परिवर्तन जैव–विविधता को गंभीर खतरे में डालते हैं। कृषि, लकड़ी के लिये कटान, उद्योगों की स्थापना और अन्य उपयोगों के लिये उष्णकटिबंधीय वनों के तेजी से बदलाव उष्णकटिबंधीय जैव–विविधता को नष्ट कर देते हैं। एक शोध जो 138 अध्ययनों की मेटा–एनालिसिस का उपयोग कर की गयी, के परिणाम उष्णकटिबंधीय जंगलों में मानवीय दखल के कारण विक्षोभ और भूमि रूपांतरण से जैव–विविधता पर पड़ने वाले प्रभाव का वैश्विक मूल्यांकन प्रदान करते हैं (देखें, एल. गिब्सन इत्यादि, नेचर, 478(7369):378–381, 2011)। इस अध्ययन में प्राथमिक वनों जिनमें कोई मानवीय दखल नहीं था और बिगड़े वनों जिनमें मानवीय दखल था, में जैव–विविधता का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया। यह पाया गया अवक्रमित या बिगड़े वनों में जैव–विविधता की स्थिति तमाम कारणों से बहुत ख़राब थी। यह वैश्विक शोध निर्विवाद रूप से सिद्ध करती है की वन–विनाश के विविध कारणों का उष्णकटिबंधीय जैव–विविधता पर अत्यंत हानिकारक प्रभाव पड़ता है। उपरोक्त एवं अन्य शोध के परिणाम स्पष्ट रूप से इंगित करते हैं कि जब उष्णकटिबंधीय जैव–विविधता को बनाये रखने की बात आती है, तो प्राथमिक वनों का कोई विकल्प नहीं है (देखें, जे. बार्लो इत्यादि, प्रोसीडिंग्स ऑफ़ द नेशनल अकैडमी ऑफ़ साइंसेज यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ़ अमेरिका, 104(47):18555–18560, 2007)।

संपूर्ण विश्व के कुल 23 से 26 प्रतिशत वन ही अब प्राइमरी या ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स के रूप में बचे हैं। राजस्थान में कई जिलों में ओल्ड ग्रोथ फॉरेस्ट्स अभी भी बचे हुये हैं, हालांकि ऐसे वन उष्णकटिबंधीय शुष्क क्षेत्रों में विशेष रुप से संकटापन्न हैं। संकट के मुख्य कारण आसपास रहने वाली मानव आबादी के पालतू मवेशियों द्वारा चराई, जलाऊ लकड़ी के लिये कटाई और घर बनाने के लिये इमारती लकड़ी की कटाई इत्यादि हैं। ऊपर से प्राकृतिक और मानव–जनित कारणों से आग भी ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट्स को बड़ी हानि पहुँचती है। कई क्षेत्रों में बड़े वृक्षों की शाखाओं को काट कर साल दर साल चारे के रूप में भी प्रयोग किया जाता है। उदाहरण के लिये पुराने वनों से अर्जुन (कहुआ, कोहड़ा) के बड़े वृक्षों की शाखाओं को काटकर भैंसों के चारे के रूप में उपयोग होता है। हर साल शाखा कटान के कारण इन वृक्षों में फूल, फल और बीज लगने की प्रक्रिया भी बाधित होती है। बीजों का उत्पादन और विकीर्णन नहीं होने से प्राकृतिक पुनरुत्पादन बाधित होता है। जिन क्षेत्रों में बीजों का उत्पादन होता भी है वहां बीज विकीर्णन करने वाली वन्य–प्राणी प्रजातियां ना होने से अब केवल बड़े वृक्ष ही बचे हैं क्योंकि प्राकृतिक पुनरुत्पादन नहीं के बराबर है। जो भी थोड़ा बहुत पौधे उगते हैं वे भी बड़े होने के पहले ही चर लिये जाते हैं। आग का भी प्रकोप होता है, हालांकि उष्णकटिबंधीय शुष्क वनों में पिछले 30 वर्षों वनों में प्राय: सतही आग ही लगी है। इससे बड़े वृक्षों को भले ही हानि ना होती हो, किंतु बीजों, बिजौलों व प्राकृतिक पुनरुत्पादन को बड़ी हानि पहुंचती है। क्लाइमेट चेंज की दशा में आर्द्र तराई क्षेत्रों के वनों में हर जगह पुराने जंगलों में जमीन के ऊपर के जैवभार (बायोमास) में कमी आने की भारी आशंका है। उष्ण कटिबंध में वर्ष 2081–2100 के मध्य तक तापमान बढ़ने के कारण इस कमी का अनुमान 41 प्रतिशत और विश्व स्तर पर 29 प्रतिशत है (देखें, एम. लर्जावारा इत्यादि, कार्बन बैलेंस एंड मैनेजमेंट, 16(1):31, 2021)।

**पुराने वनों का संरक्षण और प्रबंध प्राकृतिक जलवायु समाधान के रूप में विशेष महत्व रखता है। कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन और भंडारण के साथ ही इन वनों के अनगिनत लाभ हैं। वनानुभव व पारिस्थितिक पर्यटन, मानव के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य हेतु संसाधन, जैव-विविधता व आनुवंशिक संसाधन का संरक्षण, भौम-जलस्तर में बढ़त व जल-धाराओं, झरनों व नदियों के रूप में पानी की उपलब्धता, देववनों के रूप में स्थानीय सांस्कृतिक मूल्यों के वाहक होते हैं।**

पुराने वनों का संरक्षण और प्रबंध प्राकृतिक जलवायु समाधान के रूप में विशेष महत्व रखता है। कार्बन सीक्वेस्ट्रेशन और भंडारण के साथ ही इन वनों के अनगिनत लाभ हैं। वनानुभव व पारिस्थितिक पर्यटन, मानव के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य हेतु संसाधन, जैव–विविधता व आनुवंशिक संसाधन का संरक्षण, भौम–जलस्तर में बढ़त व जल–धाराओं, झरनों व नदियों के रूप में पानी की उपलब्धता, देववनों के रूप में स्थानीय सांस्कृतिक मूल्यों के वाहक होते हैं। ऐसे वनों के संरक्षण को बढ़ावा देने वाली रणनीतियाँ केवल इन वनों को केन्द्रित कर बनाये जाने के बजाय सम्पूर्ण भू–परिदृश्य के स्तर पर बनाना आवश्यक होता है। पहली बात इनमें बड़े वृक्षों की बहुतायत के कारण बड़ी मात्रा में कार्बन जमा होता है और सैकड़ों साल तक होता रहता है, इसीलिये ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट्स को विश्व के कार्बन भण्डार के रूप में जाना जाता है। क्लाइमेट चेंज मिटीगेशन के लिएयह भण्डार अति महत्वपूर्ण है (देखें, एस. लुस्स्येर्ट इत्यादि, नेचर, 455(7210):213–215, 2008)। दूसरी बात यह है कि पुराने पेड़ों में अपेक्षाकृत स्थिर विकास दर होती है, जो ग्लोबल वार्मिंग के विरुद्ध उल्लेखनीय प्रतिरोध देती है (देखें, एम. कोलेंगेलो इत्यादि, साइंस ऑफ़ द टोटल एनवायरनमेंट, 801,149684, 2021)। इसके साथ ही सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि ऐसे वन अन्य क्षेत्रों में वनों के पुनर्स्थापन के लिये उन प्रजातियों के बीजों और जैव–विविधता के सबसे महत्वपूर्ण स्त्रोत हैं जो लोगों के सामाजिक–सांस्कृतिक जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं किन्तु उष्णकटिबंधीय वनों के अन्य क्षेत्रों से स्थानीय रुप से विलुप्त हो चुकी हैं (देखें, डी.एन. पाण्डेय, कन्जर्वेशन बायोलॉजी, 17(2):633–635, 2003)।

इसी बात को ध्यान में रखते हुये देश के विभिन्न राज्यों में सभी ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट्स को चिन्हित कर संरक्षण व संवर्धन एवं सतत विकास किया जाना आवश्यक है। इन क्षेत्रों के अंदर पुराने और बड़े वृक्षों का संरक्षण और साथ में संपूर्ण क्षेत्र का संरक्षण दोनों को ही ध्यान रखना आवश्यक है। यहाँ चराई और कटाई से बचाव के साथ–साथ यहां सूखी गिरी पड़ी लकड़ी को भी बाहर निकालने से रोकना आवश्यक है। जैसा कि ऊपर बताया गया है सूखे गिरे पड़े वृक्ष भी तमाम प्रजातियों के संरक्षण के लिये आवश्यक हैं।

यदि इन क्षेत्रों में प्राकृतिक पुनरुत्पादन नहीं हो रहा है तो वनों के वितान में जहां खुले स्थान मिल रहे हैं वहां पर उसी प्रकार की प्रजातियों का रोपण आवश्यक है जो ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट में पाई जाती हैं। ऐसी प्रजातियां प्राय: बड़े बीजों वाली और चौड़ी पत्ती वाली होती हैं। बड़े बीज होने से इनका विकीर्णन बड़े शरीर वाले प्राणियों द्वारा ही हो सकता है परंतु चूंकि अनेक क्षेत्रों से बड़े शरीर वाले प्राणी विलुप्त हो चुके हैं इसलिए हमें वृक्षारोपण, सीधी बुवाई और डंडारोपण करना आवश्यक हो जाता है। उदाहरण के लिए राजस्थान में बड़े बीजों वाली प्रजातियों में आम, महुआ, जामुन, अर्जुन, बहेड़ा, सादड़, कणज, घटबोर, लिसोड़ा, बीजासाल, खाखरा, कड़ाया, सीताफल, बेल, नीम, कचनार, तेंदू, बिस्तेंदू, गोदल, ऊंबिया, इमली, सागवान, बेर, खजूर, अचार या चारोली, कुसुम, हिंगोट, अरीठा, आदि शामिल हैं। कुछ ऐसी प्रजातियाँ भी उगाना चाहिये जो फलों के लिये प्रसिद्ध हैं, भले ही वे छोटे बीज वाली हों। आँवला, बरगद, कैंथगूलर, पीपल, कैर, लिसोड़ा, जाल, खेजड़ी आदि फल के लिये जानी जाती हैं (देखें, डी.एन. पाण्डेय, अरावली के वन्य वृक्ष: वनवर्धन एवं पौधशाला प्रबंध, पृष्ठ 1–24, 1992)।

चूंकि ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट्स का दायरा धीरे धीरे बढ़ाना आवश्यक है। इसके लिए सबसे उपयोगी यह है कि ऐसे क्षेत्रों को फॉरेस्ट रेस्टोरेशन के लिये चयनित किये जा रहे बड़े क्षेत्रों के अंदर लेकर बड़े दायरे में बीजारोपण व बहुत आवश्यक हो तो वृक्षारोपण करना चाहिये। बाहर के दायरे में जहां प्रजाति विविधता कम है या क्षेत्र खाली हो गये हैं वहां पर अर्ली–सक्सेशनल, मिड– सक्सेशनल, और लेट–सक्सेशनल प्रजातियों के मिश्रण की मृदा व जल संरक्षण के साथ सीधी बुवाई किया जाना उपयोगी रहेगा। साथ ही थोड़ी–बहुत वनस्पति जो उस क्षेत्र में हो उसका संरक्षण करना उपयोगी रहेगा। ऐसा करने से धीरे–धीरे ओल्ड–ग्रोथ फॉरेस्ट का दायरा बढ़ने लगेगा। इस रणनीति का एक लाभ यह भी है कि क्षेत्र में पक्षियों द्वारा विकीर्णित होने वाले बीजों का विकीर्णन भी पूरे वृक्षारोपण क्षेत्र में बढ़ेगा। सुरक्षित क्षेत्र में होने वाला अंकुरण और पनपने वाले पौधों के सुरक्षित बड़े पौधों के रूप में विकसित होने की संभावना बढ़ जाती है।

प्राचीन, विशालकाय वृक्षों वाले उष्णकटिबंधीय वन जैव–विविधता की जीती–जागती अनमोल विरासत हैं। इनका संरक्षण वैश्विक प्राथमिकता है। उष्णकटिबंधीय वनों और जैव–विविधता से मानवता को प्राप्त होने वाले सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ हेतु पुराने प्राथमिक वनों का कोई विकल्प नहीं है। प्राकृतिक जलवायु समाधान के रूप में इन वनों के प्रमाण–आधारित प्रबंध में निवेश अनिवार्य है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**(भारतीय वन सेवा से सेवानिवृत्त; वर्तमान में अनेक विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर)**
**(यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं)**

# तीर्थंकर पार्श्वनाथ का मोक्ष कल्याणक दिवस



भागचंद जैन मित्रपुरा

इस जंबूद्वीप, भरत क्षेत्र काशी देश में बनारस नाम का एक नगर है। उसमें कश्यप गोत्री राजा विश्वसेन राज्य करते थे। उनकी रानी का नाम ब्राह्मी था। जब सोलहवें स्वर्ग के इन्द्र की आयु छह मास की अवशेष रह गई थी, तब इन्द्र की आज्ञा से कुबेर ने माता के आँगन में रत्नों की बरसात शुरू कर दी थी। रानी ब्राह्मी ने सोलह स्वप्नपूर्वक वैशाख कृष्णा द्वितीया के दिन इन्द्र के जीव को गर्भ में धारण किया था। नवमास पूर्ण होने पर पौष कृष्णा एकादशी के दिन पुत्र का जन्म हुआ। इन्द्रादि देवों ने सुमेरू पर्वत पर ले जाकर तीर्थंकर शिशु का जन्माभिषेक करके 'पार्श्वनाथ' नामकरण किया। इनकी आयु सौ वर्ष की थी। प्रभु की कांति – देहवर्ण मरकट मणि सदृष्य हरितवर्ण थी एवं शरीर की ऊँचाई नौ हाथ प्रमाण थी। ये उग्रवंशी थे। भगवान पार्श्वनाथ ने 30 वर्ष की अल्पायु में ही तप धारण कर लिया था।

सोलह वर्ष की आयु में पार्श्वनाथ एक दिन अपने इष्ट मित्रों के साथ वन में गए हुए थे, तब मार्ग में पंचाग्नियों में तप करता हुआ एक साधु मिला, वह अग्नि को प्रदीप करने के लिए कुल्हाड़ी से एक मोटी लकड़ी को काटना चाह रहा था। अवधी ज्ञान से जानकर भगवान पार्श्व ने लकड़ी को काटने के लिए मना किया और कहा–इसके भीतर 2 प्राणी बैठे हुए हैं। किन्तु मना करने पर भी उसने लकड़ी काट ही डाली, तत्क्षण ही उसके भीतर रहने वाले सर्प और सर्पिणी निकल पड़े और घायल हो जाने से छटपटाने लगे। पीड़ा से तड़पते हुए सर्प के जोड़े को भगवान पारसनाथ ने शांत होने का उपदेश दिया और उन्हें पंच नमस्कार (णमोकार महा मंत्र) मंत्र सुनाया जिसके प्रभाव से वे शांतभाव को प्राप्त हुए तथा महा विभूति के धारक धरणेन्द्र और पद्मावती हो गये। इधर कमठ का जीव महिपाल भी मरकर स्वर्ग का शम्बर नाम का ज्योतिषी देव हुआ।

अनंतर कुमार जब तीस वर्ष के हो गये, तब एक दिन अयोध्या के राजा जयसेन ने उत्तम घोड़ा आदि की भेंट के साथ अपना दूत भगवान पाश्र्वनाथ के पास भेजा। भगवान ने भेंट लेकर उस दूत से अयोध्या की विभूति पूछी। उत्तर में दूत ने सबसे पहले भगवान ऋषभदेव का वर्णन किया पश्चात् अयोध्या का हाल कहा। उसी समय ऋषभदेव के सदृश स्वयं को भी तो तीर्थंकर प्रकृति का बन्ध हुआ है, लेकिन सामान्य मनुष्य की तरह अपनी आयु के 30 वर्ष व्यर्थ गवां दिए यह विचार करते हुए पार्श्वनाथ को आत्मज्ञान प्राप्त हो गया और विषय वासना को छोड़कर दीक्षा लेने का निश्चय कर लिया। ऐसा सोचते हुए भगवान गृहवास से पूर्ण विरक्त हो गये और लौकांतिक देवों द्वारा पूजा को प्राप्त हुए। प्रभु देवों द्वारा लाई गई विमला नाम की पालकी पर बैठकर अश्व वन में पहुँच गये। वहाँ त्रिदिवसीय उपवास का नियम लेकर पौष कृष्णा एकादशी के दिन प्रात:काल के समय सिद्ध भगवान को नमस्कार करके प्रभु तीन सौ राजाओं के साथ दीक्षित हो गये। प्रथम पारणा के दिन गुलमसेटपुर में प्रवेश किया। नगर के धन्य नामक राजा ने अष्ट मंगल द्रव्यों से प्रभु का पड़गाहन कर प्रथम पारणा पायस का आहार करवाया। आहार से प्रभावित होकर देवों ने धन्य राजा के घर पंचाश्चर्य प्रकट किए। छद्मस्थ अवस्था के चार मास व्यतीत हो जाने पर भगवान अश्ववन में पंहुचकर देवदार वृक्ष के नीचे विराजमान होकर ध्यान में लीन हो गये। इसी समय कमठ का जीव कालसंवर नाम का ज्योतिषी देव आकाशमार्ग से जा रहा था, अकस्मात् उसका विमान रुक गया, उसे विभंगावधि से पूर्व का बैर बंध स्पष्ट दिखने लगा। बदले की भावना से क्रोधवश महागर्जना, महावृष्टि, तूफान आदि से महा उपसर्ग करना प्रारम्भ कर दिया। बड़े–बड़े पहाड़ तक लाकर तप में लीन पार्श्वप्रभु के समीप गिराये इस प्रकार उसने सात दिन तक लगातार भयंकर उपसर्ग किया। अवधिज्ञान से यह उपसर्ग जानकर धरणेन्द्र और पद्मावती पृथ्वी तल से बाहर निकलकर भगवान को सब ओर से घेरकर धरणेन्द्र ने अपने फणों के ऊपर उठा लिया और पद्मावती वङ्कामय छत्र तान कर खड़ी हो गई। इस तरह स्वभाव से ही क्रूर प्राणी इन सर्प–सर्पिणी ने अपने ऊपर किये गये उपकार को याद रख कर तपस्या में लीन भगवान पर उपसर्ग के समय रक्षा की।

तदनंतर ध्यान के प्रभाव से प्रभु का मोहनीय कर्म क्षीण हो गया और बैरी कमठ का सब उपसर्ग दूर हो गया। मुनिराज पार्श्वनाथ ने चैत्र कृष्ण चतुर्थी के दिन प्रात:काल के समय विशाखा नक्षत्र में लोकालोकप्रकाशी केवलज्ञान को प्राप्त कर लिया। उसी समय इन्द्रों ने आकर समवसरण की रचना करके केवलज्ञान की पूजा की। कालसंवर नाम का देव भी काललब्धि पाकर उसी समय शांत हो गया और उसने सम्यग्दर्शन प्राप्त कर लिया। यह देख, उस वन में रहने वाले सात सौ तपस्वियों ने मिथ्यादर्शन छोड़कर संयम धारण कर लिया, सभी शुद्ध सम्यग्दृष्टि हो गये और बड़े आदर से प्रदक्षिणा देकर भगवान की स्तुति–भक्ति की। आचार्य कहते हैं कि पापी कमठ के जीव का कहाँ तो निष्कारण वैर और कहाँ शांति। इसलिए संसार के दु:खों से भयभीत प्राणियों को वैर–विरोध का सर्वथा त्याग कर देना चाहिए। पार्श्वप्रभु ने 83 दिन की कठोर तपस्या के पश्चात 84वे दिन केवलज्ञान प्राप्त कर लिया था।

भगवान पार्श्वनाथ के समवशरण में स्वयंभू सहित दस गणधर, सोलह हजार मुनिराज, सुलोचना आदि सहित छत्तीस हजार गणिनि आर्यिकाएँ, एक लाख श्रावक और तीन लाख श्राविकाएँ थीं। इस प्रकार बारह सभाओं को धर्मोपदेश देते हुए भगवान ने उनहत्तर वर्ष सात माह तक विहार किया। अंत में आयु का एक माह शेष रहने पर विहार करना बंद हो गया। प्रभु पार्श्वनाथ सम्मेदाचल के शिखर पर छत्तीस मुनियों के साथ प्रतिमायोग से विराजमान हो गये। श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन प्रात:काल के समय विशाखा नक्षत्र में अष्ट कर्मों का नाश कर सिद्धपद को प्राप्त हो गये। देवों ने भक्ति पूर्वक उनके निर्माण कल्याण का उत्सव किया। इस दिन को मोक्ष सप्तमी के रूप में भी मनाया जाता है एवम अपना भव कल्याणकारी बनाने की दृष्टि से कन्याएं व्रत/उपवास रखती है। यद्यिप उपवास/व्रत कोई भी रख सकता है। श्री पार्श्वनाथ ने ही जैन धर्म के पंच महाव्रत की शिक्षा दी जिनमें सत्य, अहिंसा, अस्तेय, एवम अपरिग्रह जिसमे ब्रह्मचर्य भी सम्मिलित है। अपरिग्रह एवं ब्रह्मचर्य का समावेश एक ही व्रत में होता था।

श्री पार्श्वनाथ ने ही चतुर्विघ संघ की स्थापना की थी जिनमे मुनि, आर्यिका, श्रावक एवं श्रविका होते थे। आज भी जैन समाज की यही परंपरा जारी है। भगवान पार्श्वनाथ ने जैन धर्म को जन जन के बीच लोकप्रिय बनाकर एक ऐसा महत्वपूर्ण कार्य कर गए, जिसकी आभा आज भी जीवंत है। भूगर्भ प्रकट होने वाली प्रतिमाएं एवं जिन मंदिरों में विराजित सबसे ज्यादा प्रतिमाएं तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ की ही है।

**संकलन--भागचंद जैन मित्रपुरा**
**अध्यक्ष अखिल भारतीय जैन बैंकर्स फोरम जयपुर।**

# राज्यपाल किसनराव बागड़े ने मुनाबाव सीमा चौकी से भारत-पाक सीमा का अवलोकन किया

## राज्यपाल बागड़े ने बीएसएफ जवानों की हौसला अफजाई कर पराक्रम की सराहना की

**बाड़मेर, (निसं)।** राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने शनिवार मुनाबाव सीमा चौकी से भारत–पाक सीमा का अवलोकन कर बीएसएफ के जवानों से संवाद किया। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राष्ट्र सेवा में जवानों की तत्परता के लिए उनकी हौसला अफजाई करते हुए पराक्रम की सराहना की। मुनाबाव में प्रहरी सम्मेलन के दौरान राज्यपाल बागड़े ने कहा कि सैनिक सरहद की हिफाजत के लिए सतर्क है। वे विपरित परिस्थितियों में देश सेवा के लिए तत्पर है।

उन्होंने देश के प्रति प्रेम एवं निस्वार्थ सेवा के लिए जवानों का नमन करते हुए कहा कि वे अदम्य साहस के लिए सैनिकों का अभिनंदन करते हैं। उन्होंने चाह नहीं मैं सुरबाला के गहनों में गूंथा जाऊ और तेरा वैभव अमर रहे मां, मैं रहूं या ना रहूं का जिक्र करते हुए कहा कि जवानों के समर्पण की बदौलत भारत सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जाबाज सैनिक मां भारती के वह सपूत है, जिनके कंधे पर राष्ट्र की सुरक्षा का भार है। इस दौरान उन्होंने सीमा सुरक्षा बल एवं अन्य सुरक्षा एजेंसियों की सुरक्षा समन्वय संबंधित बैठक के दौरान सीमा प्रबंधन सरहद पार से तस्करी एवं अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सरहद पर रहने वाले ग्रामीण परिवारों की सराहना करते हुए राष्ट्र की सुरक्षा में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। राज्यपाल बागड़े ने सीमा सुरक्षा बल के जवानों को मिठाई एवं फल भेंट किए। सीमा सुरक्षा बल की ओर से राज्यपाल को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। उन्होंने मुनाबाव में कांफ्रेस हॉल के पास एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इससे पहले राज्यपाल के मुनाबाव पहुंचने पर बीएसएफ के जवानों गार्ड ऑफ आनर दिया।

इस दौरान बीएसएफ गुजरात फ्रंटियर के महानिरीक्षक अभिषेक पाठक, उप महानिरीक्षक राजकुमार बसट्टा, जिला कलेक्टर निशान्त जैन, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, शिव विधायक रविन्द्रसिंह, समाजसेवी स्वरूपसिंह खारा सहित विभिन्न सीमा सुरक्षा बल एवं विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी, जवान आदि उपस्थित रहे।



बाड़मेर में भारत-पाक सीमा पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने सेना के जवानों से मुलाकात की।

**राज्यपाल ने जन संवाद के साथ ग्रामीणों की सुनी परिवेदनाएं :** बाड़मेर के सीमावर्ती क्षेत्रों में पहुंचे राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने तामलोर ग्राम पंचायत में ग्रामीणों से जन संवाद करते हुए जानकारी ली कि उनको प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ कौनसी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि उनके खातों से डीबीटी के जरिए राशि जमा हो रही है। इस दौरान ग्रामीणों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोलने, मुनाबाव को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने समेत विभिन्न प्रकार की परिवेदनाओं से अवगत कराया। राज्यपाल बागड़े ने राउमावि तामलोर में अतिरिक्त कक्षा कक्ष एवं कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के परीक्षा परिणाम के बारे में जानकारी लेते हुए दसवीं कक्षा में अनुतीर्ण हुए विद्यार्थियों का दुबारा अध्ययन सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान राज्यपाल बागड़े ने विद्यार्थियों के साथ हर घर तिरंगा अभियान का संदेश देते हुए ग्रुप फोटो खिंचवाया। उन्होंने कहा कि हर घर पर तिरंगा अवश्य फहराएं।

# प्रधानाचार्य के जन्मदिन पर छात्र–छात्राओं ने पौधे लगाये

## स्वामी विवेकानंद राज.मॉडल स्कूल निवाई में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने सराहनीय पहल की

**निवाई, (निसं)।** स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल निवाई में छात्र–छात्राओं व शिक्षकों ने सराहनीय पहल करते हुए प्रधानाचार्य कुंभाराम चौधरी 57वें जन्मदिवस पर 51 छायादार पौधे लगाकर सराहनीय कार्य किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब प्रत्येक कर्मचारी और विद्यार्थी अपने जन्म दिवस पर प्रतिवर्ष पांच वृक्ष लगाकर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देंगे।

इस दौरान सभी विद्यार्थियों और शिक्षक साथियों ने प्रधानाचार्य चौधरी को तिलक माला और साफा बंधवाकर शुभकामनाएं दी। उन्होंने आव्हान करते हुए कहा कि ऐसे ही विवेकानंद मॉडल विद्यालय उन्नति और तरक्की करता रहे और नए–नए आयाम और कीर्तिमान स्थापित करता रहे।

■ **विद्यार्थियों और शिक्षक साथियों ने प्रधानाचार्य चौधरी को तिलक माला और साफा बंधवाकर शुभकामनाएं दी**

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य ललित कुमार बेनीवाल, व्याख्याता विनोद कुमार शर्मा, विकास गुर्जर, कमलसिंह गुर्जर, योगेश शर्मा, अंकिता राजावत, जीशान अहमद, हनुमान गुर्जर, मदनमोहन मीणा, राजवीर चौधरी, रमेशचंद मीणा, आरती तिवारी, कुंती शर्मा, दिव्यानी शर्मा, सोनू सोनी, सुदेश बाई, सुनीता गुर्जर, अमित कुमार शर्मा व निकलेस सैन सहित छात्र–छात्रायें व समस्त स्टाफ मौजूद था।

## राशिफल रविवार 11 अगस्त, 2024



पंडित अनिल शर्मा

सावन मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2081, स्वाती नक्षत्र सोमवार प्रात: 8:33 तक, शुभ योग दिन 3:48 तक, गर करण सांय 6:51 तक, चन्द्रमा तुला राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कर्क, चन्द्रमा–तुला, मंगल–वृष, बुध–सिंह, गुरू–वृष, शुक्र–सिंह, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज बुध अस्त पश्चिम में सांय 6:07 पर होगा। आज भानु सप्तमी, महापात योग दिन 10:12 से दिन 2:55 तक है। आज से कल्याण धणी, डिग्गीपुरी पद यात्रा आरम्भ होगी।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:38 से 9:16 तक, लाभ–अमृत 9:16 से 12:32 तक, शुभ 2:10 से 3:48 तक।

**राहूकाल:** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 6:00, सूर्यास्त 7:04

**मेष**
परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**वृष**
व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता से मनोबल बढ़ेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। मन में बना भय दूर होगा।

**मिथुन**
परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सोच–विचार हो सकता है और उचित परामर्श मिल सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**कर्क**
घर–परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। सुख–शांति बनी रहेगी। परिवार में अतिथियों के आगमन से उत्सव जैसा माहौल रहेगा। महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता से मनोबल बढ़ेगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज नये–पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।

**कन्या**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आवश्यक और व्यक्तिगत कार्य के लिए बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

**तुला**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मन:स्थिति में सुधार होगा। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**वृश्चिक**
धार्मिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।

**धनु**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
अपने अति आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कुंभ**
नवीन कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। यात्रा में परेशानी हो सकती है। आर्थिक समस्या अभी बनी रहेगी। आज बनते कार्य बिगड़ सकते हैं।

# विद्यार्थियों को साईबर क्राइम व नशा मुक्ति की जानकारी दी

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के विद्या भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल जालोर में शनिवार को जिला पुलिस अधीक्ष ज्ञानचन्द्र यादव ने विद्यार्थियों ने मार्गदर्शन किया।

निदेशक के एन भाटी ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव ने विद्यालय में छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए विद्यालय पहुंचे। जिसमें विद्यालय की छात्राओं द्वारा उनका तिलक लगाकर स्वागत किया गया। वही विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रविन्द्र सिंह बालावत और नाथू सोलंकी का भी तिलक लगाकर स्वागत किया गया। अगली कड़ी में पुलिस अधीक्षक महोदय ने छात्रों को करीब 3 घंटे तक निम्न बिंदु पर जानकारी दी । जिसमें सर्वप्रथम विद्यालय के विद्यार्थियों को जीवन का महत्व बताते हुए कहा कि विधार्थी का सबसे पहला मित्र उसके माता पिता होते है और कहा कि उन्हें अपने जीवन में जो समस्या हो सबसे पहले अपने अभिभावक और गुरुजनों के साथ साझा करें। दूसरे बिंदु के रूप में विद्यार्थियों को अपने जीवन में मोबाईल के कम से कम उपयोग करने की सलाह दी , और बालिकाओं को ए आई की जानकारी दी। तीसरे बिंदु के रूप में एस पी यादव ने यातायात के नियमों की जानकारी दी और कहा कि सब विधार्थी अपने अपने अभिभावक को हेलमेट, सीट बेल्ट जैसे नियमों की पालना करने को कहा। अगले बिंदु में उन्होंने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन मे किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहे और अपने अभिभावकों को भी नशे से दूर रखने की बात कही। साथ ही साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में जो बाजार में ऑन लाइन ठगी चल रही हैं। उससे भी सावधान रहे । कार्यक्रम के अंत में पूर्व जिलाध्यक्ष ने भी छात्रों को सोशल मीडिया से दूर रहते हुए पुस्तकों में रुचि रखने की बात कही । अंत में विद्यालय निदेशक मधु बाला भाटी ने सभी आये हुए मेहमानों का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।


**जालोर के विद्या भारती स्कूल में जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने विद्यार्थियों को साईबर क्राईम की जानकारी दी।** फोटो-राष्ट्रदूत

## चरक जयंती मनाई

**जोधपुर**, (कासं)। डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ़ेसर(वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन में पोस्टठोजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ आयुर्वेद के मौलिक सिद्धांत विभाग द्वारा शनिवार को चरक जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई।इस अवसर पर विश्वविद्यालय के छात्रों, अध्यापकों और आयुर्वेद के विशेषज्ञों ने मिलकर महान आयुर्वेदाचार्य चरक को उनकी जयंती पर याद किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और चरक संहिता के श्लोकों के उच्चारण के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्व आयुर्वेद परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) गोविंद सहाय शुक्ल ने चरक के योगदान को याद करते हुए कहा कि चरक ने न केवल आयुर्वेद को वैज्ञानिक आधार प्रदान किया, बल्कि चिकित्सा के क्षेत्र में भी एक नई क्रांति की शुरुआत की। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण व्याख्यान और संगोष्ठियों का भी आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न आयुर्वेद विशेषज्ञों ने चरक के सिद्धांतों और उनकी आधुनिक चिकित्सा में प्रासंगिकता पर विचार प्रकट किया। विभागाध्यक्ष प्रो.देवेंद्र सिंह चाहर ने महर्षि चरक की जीवनी पर विस्तृत प्रकाश डाला।

# निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। वीर दुर्गादास राठौड़ की 386वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति के तत्वावधान में एवं शिक्षा विभाग व लायन्स क्लब जोधाणा के सहयोग से निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता आज मयूर चैपासनी स्कूल, चैपासनी में आयोजित की गई। इसमें 31 विद्यालयों के 468 विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्साह से भाग लिया।

वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति के सचिव भागीरथ वैष्णव ने बताया कि निबन्ध प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों ने 'मेरा शहर-मेरी विरासत' शीर्षक पर निबन्ध लिखकर अपने लेखन कौशल का परिचय दिया।

वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में 'मेरा शहर-मेरी विरासत', 'पर्यावरण/भू-विरासत', कोई प्राकृतिक चित्र और कोई मनपसंद चित्र बनाकर विद्यार्थियों ने अपने कला-कौशल व काल्पनिक व रचनात्मक अभिव्यक्ति को रंगो के माध्यम से साकार किया।

मयूर चौपासनी विद्यालय के प्रिंसीपल ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर वीर दुर्गादास राठौड़ समिति के अध्यक्ष जगतसिंह राठौड़, जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) पुरुषोत्तम राजपुरोहित, लॉयन अशोक पटेल, प्रोफेसर आर.एल. माथुर, लॉयन अनिल जैन, रतनसिंह चांपावत, जयराजसिंह राठौड़, भवानीसिंह पातावत ने कार्यक्रम में शिरकत कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को वीर दुर्गादास राठौड़ जयन्ती समारोह (18 अगस्त) के अवसर पर पुरस्कृत किया जायेगा। निर्णायक के तौर पर प्रोफेसर डॉ. ऋतु जौहरी, अजयसिंह राजपुरोहित व आरती शर्मा उपस्थित हुए। प्रतियोगिताओं का सफल संचालन उप-प्राचार्य दीपक भार्गव के निर्देशन में समन्वयक खुशबू जांगिड़ ने किया।


**वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति के तत्वावधान एवं शिक्षा विभाग व लायन्स क्लब जोधाणा के सहयोग से हुई निबन्ध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में 31 विद्यालयों के 468 विद्यार्थियों ने भाग लिया।**

# सनातन महोत्सव समिति की बैठक आयोजित


**जालोर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम को लेकर सनातन महोत्सव समिति की बैठक जलंधरनाथ धर्मशाला में आयोजित हुई।** फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सनातन महोत्सव समिति की बैठक शुक्रवार शाम जलंधरनाथ धर्मशाला में आयोजित हुई। जिसमें शोभायात्रा व कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।

सनातन महोत्सव समिति के राजकुमार माली ने बताया कि 26अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सनातन महोत्सव समिति की बैठक शुक्रवार शाम जलंधरनाथ धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई। शोभायात्रा के मार्ग का अवलोकन करना, धन संग्रह, विभिन्न समाजों व संगठनो से संपर्क, जगह - जगह दही मटकी की जगह चिन्हित करना, गोविंदा टोली बनाना आदि कुल 17 तरह के कार्यो को लेकर अलग - अलग जिम्मेदारी सौंपी गई।


बैठक में विश्व हिंदू परिषद के दिनेश जीनगर, प्रवीणसिंह नाथावत, शैतानसिंह राजपुरोहित, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, नाथाराम भाटी, महेश सोलंकी, भरत घांची, हेमन्त सोलंकी, राज भाटी सहित कई जने उपस्थित रहे।

## पाली में तिरंगा रैली निकाली

**पाली**,(नि.सं.)। भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर द्वारा कराये जा रहे हर घर तिरंगा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिंरगा अभियान के तहत आज शनिवार को प्रातः बांगड स्कूल से मुख्य अथिति भारतीय थल सेना की 4जी ठोनेडियर बट्टालीयन के युद्ध दिव्यांग भूतपूर्व सैनिक हवलदार पूरा राम चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया।

इस अवसर पर जिला कलक्टर एल एन मंत्री , पुलिस अधीक्षक ,चुनाराम जाट, नगर परिषद सभापति , रेखा राकेश भाटी, अतिरिक्त जिला कलक्टर ,डॉ राजेश गोयल , उपखंड अधिकारी ,अशोक कुमार जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राठौड़ , सीडीईओ , सी पी जायसवाल, शिक्षा विभाग जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित , मदन पवार स्टेडियम कोच लेहरी दास अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद विभिन्न स्कूलों के स्टाफ ,बच्चे मौजूद रहे। करीब दो दर्जन से अधिक स्कूलों के हजारों विद्यार्थी तिरंगा हाथ में लिए शामिल हुए।

# पाली में विधायक भाटी ने जल भराव के हालात देखे


**पाली विधायक भीमराज भाटी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ जल भराव वाले क्षेत्रों के हालात का अवलोकन किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। पाली शहर में गत दिनों हुई अतिवृष्ट के 5 दिन बाद भी कई कॉलोनी में जल भराव है। प्रशासन कई कॉलोनी में मड़ पंप लगाकर पानी निकासी करा रहा है।

पिछले दो दिन से पाली पहुंचे विधायक भीमराज भाटी ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ इन कॉलोनी में हालात का अवलोकन किया। शनिवार को भाटा सुंदर नगर विस्तार, भेरू नगर, रजत नगर विस्तार, मिशन स्कूल के पीछे कॉलोनी पहुंचे, जहां अभी भी सड़कों पर 2 फुट से अधिक पानी भरा है। उन्होंने कॉलोनी के लोगों से बातचीत कर अधिकारियों को निर्देश दिए, जिस पर एसडीएम तहसील व अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और पानी निकासी के प्रयास शुरू किए।

मौजूद एक महिला ने विधायक से कहा कि हमारी गली में चल कर देखो, हम पिछले 4 दिन से पानी में होकर निकल रहे हैं।

महिला ने कहा कि हम तो रोजाना पानी में होकर गुजरते हैं, यह वीडियो वायरल होने पर आज चर्चा का विषय रहा। विधायक के साथ कांग्रेस नेता भैरू गुर्जर, सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे। रामदेव रोड क्षेत्र की कई कॉलोनी में अभी तक पानी भरा है, यहां दुकानदार और लोगों का काफी नुकसान हुआ है।

## आसाराम को सीने में दर्द की शिकायत, एम्स में भर्ती कराया

**जोधपुर**, (कासं)। यौन शोषण के आरोप में जोधपुर सेंट्रल जेल में सजा काट रहे आसाराम बापू को सीने में दर्द की शिकायत पर एम्स लाया गया। इमरजेंसी में डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें सीसीयू में भर्ती किया है।

सेंट्रल जेल में आसाराम बापू को सीने में दर्द की शिकायत हुई। इसके बाद एम्स के चार डिपार्टमेंट की ओपीडी में उन्हें दिखाना था, लेकिन तबीयत अधिक खराब होने पर उन्हें सीधा इमरजेंसी ले जाया गया और कार्डियक विभाग के सीसीयू में भर्ती किया गया।

गौरतलब है कि आसाराम बापू का अप्रेल महीने में आयुर्वेदिक पद्धित से हार्ट का इलाज जोधपुर के निजी हॉस्पिटल में पुणे के एक अस्पताल के डॉक्टर की निगरानी में हुआ था। उसके बाद आसाराम बापू की हालत में काफी सुधार था। इलाज के डेढ़ महीने बाद फिर से सीने में दर्द की शिकायत पर एम्स में भर्ती किया था। अब 2 महीने बाद फिर सीने में दर्द की शिकायत पर आसाराम बापू को एम्स लाया गया है।

आसाराम बापू के हॉस्पिटल लाने की सूचना मिलने के बाद उनके साधक एम्स अस्पताल के बाहर पहुंच गए। मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात किया। साधकों को रोकने के लिए सुरक्षाकर्मी और पुलिस जाब्ता मौके पर तैनात है।

## हिंगड़ ने जन्मदिन मनाया

**पाली**, (नि.सं.)। पूर्व सभापति प्रदीप हिंगड़ ने अपना जन्म दिन शनिवार को मनाया। हिंगड़ ने 'अपना घर आश्रम' में बेघर, असहाय व निराश्रित व्यक्तियों की सेवा भाव के साथ केक व भोजन खिलाया। सुराणा मार्केट स्थानक में वर्षीतप तपस्वियों का पारणा करवाया। गांधी मूर्ति स्थित परिसर में समर्थक व शुभचिंतकों द्वारा प्रदीप हिंगड का केक काटकर, माल्यार्पण व गुलदस्तें से भेंट कर जन्म दिन की बधाई दी। गांधी मूर्ति मित्र मण्डल द्वारा बैण्ड बाजे व माल्यार्पण से भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अजीज दर्द, पाली विधायक भीमराज भाटी, प्रतिपक्ष नेता हकीम भाई, मेहबूब टी, अभिषेक चौपडा, लीलादेवी, फकीर मो. निर्मल तेजी, दिलीप ओड़, रंगराज मेहता, महावीर कटारिया, प्रकाश चौहान, रमेश चावला, इंसाफ घोसी, अकरम खिलेरी, गोवर्धन देवासी, सूर्यप्रकाश कांकरिया, अम्बरीश लड्ढा, राकेश लोढा, महेन्द्र धारोलिया, कमलेश सत्कार, खुशाल चंदनानी, मदनसिंह जागरवाल, कमल अठावाल, अशोक बंजारा, कमलेश सोनगरा, मनोज कोका, जुगनु कोठारी, लखपत भण्डारी, शाहिद पिनु, मेहबूब बालक, मासुम अली चुडीघर, हेमंत व्यास, विश्वेन्द्र पुरोहित, ललित माली, गौरव चौहान, रंजन भंसाली, श्रीचंद हिंगड, महेन्द्र कवाड, मगराज संकलेचा, तरूण हिंगड, सचिन हिंगड, धर्मेन्द्र नागौरी, गिरिश, अमित चौपडा, हेमंत मेहता, जितेन्द्र कोठारी,आनन्द परमार ने उपस्थित होकर बधाई दी।


**सिरोही जिले के गणेश आश्रम वाण में गादीपति राजुगिरी महाराज के सान्निध्य में वरिष्ठ प्रचारक राजेंद्र भाई, पर्यावरण ब्रांड अम्बेसडर शंकर सिंह राजपुरोहित भागली, उदय सिंह, सनातन, मांगीलाल चौधरी ने मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया।** फोटो-राष्ट्रदूत

## रेप व हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**पाली**, (नि.सं.)। महिला के रेप होने के बाद औद्योगिक थाना पुलिस ने दो शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

पुलिस में घटनास्थल के आसपास व पाली शहर, जोधपुर शहर में 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज चैक कर दो संदिग्ध व्यक्तियों की मुखबीरो की मदद से पहचान की तो पाया कि मुलजिम आले दर्जे के शराबी होकर आये दिन कोई ना कोई घटना कर पाली शहर छोडकर जोधपुर में कही भी फुटपाथ पर रह लेते है। पुलिस ने बताया की मुलजिम इतने शातिर है कि मोबाईल पर सिर्फ इन्स्टाग्राम पर ही बात करते है 2 अगस्त को भी शाम करीब 08 बजे प्रार्थी की बहन बीना को दोनो मुलजिमानो द्वारा ले जाकर दोनो मिलकर बारी बारी से रैप किया। पीडिता द्वारा दोनो से छुडाने की कौशिश की तो मुलजिमानो ने पिडिता के साथ बुरी तरह से मारपीट कर घायल पिडिता को सागर मुर्गी फार्म के पास छोडकर भाग गये। पुलिस थाना औ.क्षेत्र पाली की टीम द्वारा कडी मेहनत से गैंग रेप करने वाले दोनो मुलजिमान लुम्बाराम और गोपाराम को गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की। जिसमे लुंबाराम रेलवे स्टेशन के पास मूर्ति बनाने का काम करता है।

औद्योगिक थाना प्रभारी पाना चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 अगस्त को शाम 7 बजे 42 साल की महिला रेलवे स्टेशन के पास किराना शॉप पर सामान लेने जा रही थी। इसी दौरान पीछे से दो युवक आए। युवकों ने उसके मुंह पर रुमाल रखा तो वह बेहोश हो गई। युवक उसे कार में सुनसान जगह ले गए। पीड़िता की आंखों पर पट्टी बांध दी। इसके बाद दोनों ने उससे रेप किया। तीन दिन बंधक रखने के बाद 5 अगस्त को देर रात आरोपी पीड़िता को सर्वोदय नगर में रेलवे लाइन के पास नाले में फेंक गए। सुबह होश आने पर जैसे-तैसे एक जनरल स्टोर तक पहुंची। एक जने से मोबाइल लेकर भाई को कॉल किया।

## खेल प्रतियोगिताएं हुई

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर कस्बे के विद्या भारती विद्यालय भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार शिक्षा देने वाले विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक रेवदर में संकुल स्तरीय खो - खो एवं कबड्डी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ संकुल प्रमुख प्रवीण रावल व प्राथमिक प्रभारी भंवर दास वैष्णव और शारीरिक प्रमुख अगराराम प्रजापत द्वारा बालकों को खेल प्रतिज्ञा करवा कर किया । खेलकूद प्रतियोगिता में रेवदर संकुल के मंडार, भटाणा , अनादरा व रेवदर के विद्या मंदिरों की कुल 35 टीमों से 382 भैया बहनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में रेवदर से आचार्य रताराम व थानाराम अनादर से रणछोड राम व भरत सिंह की भूमिका रही।

# बारिश की बूंद-बूंद सहेजने की जरूरत : राज्यपाल

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर जिले में पानी की महत्ता को देखते हुए जल संरक्षण के कार्यों को प्राथमिकता से करवाया जाए। बारिश की बूंद -बूंद को सहेजने की जरुरत है। यह व्यर्थ में नहीं बहना चाहिए। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शनिवार को बाड़मेर जिला मुख्यालय पर जिला परिषद सभागार में केन्द्र सरकार प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए यह बात कही। ,

राज्यपाल श्री हरिभाऊ किसनराव बागडे ने कहा कि मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के बजट का सदुपयोग करते हुए वृहद स्तर जल संरक्षण के कार्य करवाए जाएं।

उन्होंने कहा कि गांव का पानी गांव में रहना चाहिए। इसके लिए व्यापक इंतजाम किए जाण। राज्यपाल ने केन्द्र सरकार प्रायोजित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना के समस्त लाभार्थियों के नाम आगामी एक माह में उनके आवास पर प्रदशित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीविका से जुडी महिलाओं को उनके उत्पादों के लिए व्यापक अवसर उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त करने के लिए डेयरी आधारित उद्योग एवं दुग्ध कलेक्शन सेंटर स्थापित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं से कोई पात्र व्यक्ति वंचित नहीं रहे। राज्यपाल ने सरहदी गांवों के युवाओं को सेना में जाने के लिए प्रेरित करने के लिए कहा। उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई ने राजीविका से जुड़ी महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर मेला, हाट बाजार आयोजित करने एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित होने वाले मेलों में भिजवाने की जरुरत जताई।

विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि शिव क्षेत्र के जल जीवन मिशन सर्वे से वंचित गांवों एवं ढाणियों को जोड़ा जाए। चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल समेत अन्य जन प्रतिनिधियों ने योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधित सुझाव दिए। बैठक में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने केन्द्र सरकार प्रायोजित योजनाओं एवं उनके क्रियान्वयन से बाड़मेर जिले में आधारभूत सुविधाओं के विकास के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्र में आधारभूत अवसंरचना विकास की स्थिति एवं आवश्यकता, भौगोलिक परिस्थितियों एवं संसाधनों की कमी से प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक आर्थिक स्तर पर सुधार के लिए चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रम, स्थानीय नागरिकों के रोजगार के लिए पलायन रोकने की दिशा में किए गए प्रयासों तथा हिन्दू पाक विस्थापितों की स्थिति एवं उनके उत्थान संबंधित गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस दौरान विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रजेटेंशन के जरिए उनसे संबंधित विकास योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया।

इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी, जिला प्रमुख महेंद्र चौधरी, राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल, जिला कलैक्टर निशान्त जैन, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, उपवन संरक्षक श्रीमती सविता दहिया, नगर परिषद सभापति दिलीप माली समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक की शुरूआत में जन प्रतिनिधियों ने राज्यपाल को साफा पहनाकर एवं पौधे भेंट कर स्वागत किया।

## रामदेवरा मेला ट्रेन आज से

**जोधपुर, पाली**, (का.सं.)। रेल प्रशासन की ओर से रामदेवरा जाने वाले जातरुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि को देखते हुए रविवार से जोधपुर-रामदेवरा-पोकरण-जोधपुर स्पेशल ट्रेन का संचालन पुनः प्रारंभ किया जा रहा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह ने ाानकारी देते हुए बताया कि रामदेवरा जाने वाले जातरुओं की संख्या में निरंतर वृद्धि को ध्यान में रखते हुए 11 से 29 अगस्त तक (19 ट्रिप) जोधपुर-रामदेवरा-पोकरण-जोधपुर ट्रेन का संचालन किया जा रहा है जिससे यात्रियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया कि ट्रेन 04809,जोधपुर-रामदेवरा-पोकरण स्पेशल 11 से 29 अगस्त तक प्रतिदिन जोधपुर से सुबह 9.50 बजे प्रस्थान कर दोपहर 12.55 बजे रामदेवरा आगमन एवं 1 बजे प्रस्थान कर दोपहर 1.50 बजे पोकरण पहुंच जाएगी।

वापसी में ट्रेन 04810 पोकरण-जोधपुर स्पेशल 11 से 29 अगस्त तक पोकरण से दोपहर ढाई बजे प्रस्थान कर 2.45 बजे रामदेवरा आगमन एवं 2.50 बजे प्रस्थान कर शाम 6.40 बजे जोधपुर पहुंच जाएगी। ट्रेन में यात्री सुविधा के लिए आठ जनरल एवं दो गार्ड एसएलआर सहित दस डिब्बे होंगे।

# ये बांग्लादेश नहीं, मोदी जी का भारत है : शेखावत

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भारत में बांग्लादेश जैसी स्थिति उत्पन्न होने की बात करने वालों को दो टूक जवाब दिया है। शेखावत ने कहा कि ये बांग्लादेश नहीं है, ये भारत है और ये मोदी जी का भारत है, सपने में भी ऐसा सोचेंगे वालों को उनके साथ क्या होने वाले है? उन्हें अपने आप ही समझ लेना चाहिए। केंद्रीय मंत्री शेखावत शनिवार को जोधपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में बांग्लादेश में उपजे हालातों पर शेखावत ने कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ हुआ, वो अप्रत्याशित भी था और अस्वीकार्य भी, लेकिन भारत सरकार निरंतर उस पर दृष्टि बनाए हुए है। वहां हालात सुधरें। एक बार वापस ठीक से कानून व्यवस्था पटरी पर आए। वहां सरकार का अस्तित्व स्थापित हो, पूरा विश्व इसको बहुत गंभीरता के साथ देख रहा है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में बांग्लादेश जैसे हालात बन जाएंगे, ऐसी बातें करना दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोगों ने इस तरह की टीका-टिप्पणियां की हैं। भारत में इस टेम्पलेट को दोहराने की बात की है। वो शायद ये नहीं जानते कि ये बांग्लादेश नहीं है, ये भारत है और ये मोदी जी का भारत है। ऐसा करने वालों को अपने आप ही समझ लेना चाहिए कि उनके साथ क्या होने वाले है? सपा सांसद जया बच्चन के राज्यसभा में किए व्यवहार और सभापति पर की टिप्पणी के संबंध में पूछे जाने पर शेखावत ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है। आसन के प्रति सर्वोच्च सम्मान होना चाहिए। सदन में आचरण और व्यवहार करते हुए कोई भी व्यक्ति अपने आचरण, व्यवहार या बोली से किसी के प्रति ठेस पहुंचाने वाली बात करे, यह भारत जैसे परिपक्व होते हुए लोकतंत्र में नितांत अस्वीकार्य है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुर्भाग्य से इस तरह की घटनाएं जब होती हैं तो मन दुःखी होता है। शेखावत ने कहा कि अभी हमने राजस्थान विधानसभा में भी इसी तरह की घटना देखी थी। जिस तरह के शब्द का प्रयोग आसन के लिए किया गया था, वरिष्ठ नेता के द्वारा किया गया था, मुझे लगता है कि कोई भी व्यक्ति इसकी भर्त्सना किए बगैर नहीं रह सकेगा। राजस्थान को स्वदेश दर्शन योजना के तहत मिले चार सर्किट के सवाल पर उन्होंने कहा कि अभी तो शुरुआत है, लेकिन एक बात सभी को समझनी होगी कि टूरिज्म संविधान की व्यवस्था के अनुरूप राज्य सरकार का विषय है। प्रधानमंत्री मोदीजी के दूसरे कालखंड के समय में ये सर्किट दिए गए थे। आने वाले समय में राज्य सरकार के साथ मिलकर पूरे क्षेत्र में और किस तरह से टूरिज्म को बढ़ा सकते हैं, उस दिशा में काम होगा। राज्य सरकार से यदि टूरिज्म को लेकर प्रस्ताव मिलेंगे तो गंभीरता के साथ में विचार भी करेंगे और उनको आगे भी बढ़ाएंगे। जोधपुर एयरपोर्ट को लेकर उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत तक हम इस स्थिति में होंगे कि एयरपोर्ट के नए टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन कर सकें। लगभग 45 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है।

केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे। इसके बाद सड़क मार्ग से फलोदी के लिए रवाना हो गए। भाजपा कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया।

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## हिण्डौन सिटी, करौली, चाकसू, देवली, श्रीमाधोपुर, निवाई, चौमूं, कामां सहित कई शहरों और गांवों में मूसलाधार बरसात हुई

## हिण्डौन में चार घंटे में चार इंच बारिश से कॉलोनियां, सड़कें व निचले इलाके जलमग्न


हिण्डौन सिटी शहर सहित आसपास के क्षेत्र में बारिश से कई इलाके जलमग्न हो गए।

- सड़कों पर पानी भरने से स्कूली बच्चों, मरीज, कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा
- डांग क्षेत्र में हुई बारिश से जगर बांध में शनिवार सुबह तक 12 फीट पानी की आवक हुई

**हिण्डौन सिटी,** (निसं)। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में शनिवार सुबह चार घण्टे में चार इंच बारिश दर्ज की गई। शनिवार सुबह छह बजे से लगातार दस बजे तक झमाझम बारिश का दौर चला। बारिश के कारण शहर की कालोनियां, सड़कें एवं निचले इलाके जलमग्न हो गए। गत लगभग एक सप्ताह से चल रहे बारिश के रुक-रुककर चले दौर के बाद दोपहर बाद मौसम बिल्कुल साफ हो गया।

सिंचाई विभाग के कनिष्ठ अभियंता उम्मेद सिंह ने बताया कि शुक्रवार रात से शनिवार सुबह 6 बजे से 10 बजे तक 99 एमएम (चार इंच) बारिश दर्ज हुई। इस दौरान जगर बांध में 20 एमएम बारिश दर्ज हुई। इसके बाद भी घने बादल छाए हुए हैं। इधर भारी बारिश के कारण कई कॉलोनियों, सड़कों पर दो से तीन फीट पानी भर गया। शहर के चौबेपाड़ा, दुब्बेपाड़ा, जाट की सराय, शीतला कॉलोनी आदि क्षेत्र में घरों में पानी घुस गया। जिला अस्पताल, मोहन नगर गर्ल्स स्कूल परिसर पानी से लबालब दिखे। सड़कों पर पानी भरने से स्कूली बच्चों व मरीज, सरकारी कर्मचारियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। डेंप रोड व कटरा बाजार में सैकड़ों दुकानों में पानी भर गया। वहीं हिंडौन-बयाना मार्ग पर मनीराम पार्क के पास सड़कें दरिया बन गई। डांग क्षेत्र में हुई जोरदार बारिश के कारण जगर बांध में 12 फीट पानी की सुबह सात बजे तक आवक हो चुकी है। तेज बारिश के कारण दुब्बेपाड़ा में सड़क से पांच फीट व चौबेपाड़ा में भी ऊंचे मकान में भी पानी भर गया। मनीराम पार्क के सामने उमाशंकर सत्संग भवन में शिवालय में शिव परिवार की प्रतिमाएं पानी में पूरी तरह डूब गई। नीम का बाजार स्थित हरदेव जी मंदिर के समीप प्राचीन दहलीज का हिस्सा बारिश के कारण गिर गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ।

वहीं दूसरी ओर हिण्डौन शहर के कटरा बाजार, कंबलवाल गली, सराफा बाजार, डेम्प रोड, मोहन नगर, शीतला चौराहा सहित कई इलाकों में पानी भर गया। कटरा बाजार की दर्जनों दुकानों में कई फीट पानी भरने से व्यापारियों का लाखों रुपए का नुकसान हो गया। शनिवार सुबह से चल रहे बारिश के दौर के कारण कई निजी स्कूलों में बच्चों की छुट्टियां भी कर दी गई।

## चाकसू में तीन दिन से लगातार बारिश, कई इलाके लबालब


चाकसू कस्बे के बीचों-बीच स्थित मनहोरा तालाब ओवरफ्लो हो गया।


- निचले इलाकों और कच्चे-पक्के रास्तों में पानी भरा

**चाकसू,** (निसं)। मौसम विभाग की चेतावनी के मुताबिक क्षेत्र में तीन दिनों से लगातार बारिश हो रही है। आसमान से बरस रहे पानी से विधानसभा क्षेत्र के अधिकांशतः तालाब ओवरफ्लो हो गए हैं। बारिश से नगर पालिका क्षेत्र के निचले इलाकों और कच्चे-पक्के रास्तों में पानी भर गया है। बहुत से आम रास्ते तो कीचड़ में पसरे पड़े हैं जिससे लोगों का आवागमन दुश्वार हो गया है।

कस्बे के मध्य में स्थित मनोहरा तालाब ओवरफ्लो हो गया है। मनोहर तालाब के पानी निकासी का प्रशासन द्वारा उचित प्रबंध नहीं होने से कृषि मंडी के इलाके में बसी कच्ची बस्ती पर खतरा मंडराने लगा है। मनोहर तालाब के ओवरफ्लो होने पर आसपास के इलाकों में बने मकानों के बेसमेंट में पानी भरना शुरू हो गया है। वार्ड पार्षद दिनेश शर्मा एवं आसपास के इलाकों के लोगों ने बताया कि मनोहर तालाब के ओवरफ्लो होने के कारण चम्पेश्वर कॉलोनी, आईडीएसएमटी कॉलोनी, चम्पेश्वर मंदिर के स्थित कॉलोनी तालाब की पाल पर स्थित खेतों और पास की सड़कों से लगातार पानी बहकर जा रहा है। आसपास के मकानों में धीरे-धीरे पानी जाने लगा है। पार्षद शर्मा ने नगर पालिका प्रशासन से आग्रह किया है कि अति शीघ्र पानी निकासी को लेकर उचित प्रबंध करें वरना बहुत बड़ी आपदा का सामना करना पड़ सकता है। लोगों ने प्रशासन से समस्या का जल्द हल कराने की मांग की है।

## धौलपुर शहर में तीसरे दिन भी बाढ़ जैसे हालात

### बाड़ी रोड और सैंपऊ रोड पर पानी की चादर चल रही है, कई कॉलोनियों में जलभराव से हालात खराब


भारी बारिश के कारण धौलपुर शहर में कई कॉलोनियों में पानी भरा हुआ है।

- स्थिति ये है कि लोग पैदल तक नहीं निकल पा रहे हैं, घरों में पानी भरा, लोग घरों में कैद होने को मजबूर है

**धौलपुर,** (निसं)। बुधवार-गुरुवार की रात को हुई भारी बारिश के कारण धौलपुर शहर में तीसरे दिन शनिवार को भी बाढ़ जैसे हालात रहे। स्थिति ये है कि बाड़ी हाईवे पर 132 केवी के पास सड़क पर पानी की चादर चल रही है, जिससे यहां से गुजरने वाले लोगों और वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा सैंपऊ रोड और इससे जुड़े कॉलोनियों में भी पानी भरा हुआ है। वहीं पचगांव गांव और पचगांव पुलिस चौकी के बीच में भी रोड़ पर पानी की चादर चल रही है, जिससे लोगों को परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है।

अधिक बरसात होने के कारण छीतरिया ताल की भराव क्षमता पूरी हो गई और पानी ऊपर से निकल रहा है। ये पानी धौलपुर शहर में आ गया है। जिसमें बाड़ी रोड और सैंपऊ रोड पर बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। करीब एक दर्जन कॉलोनियों में भारी पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छीतरिया ताल से आए पानी की वजह से धौलपुर शहर की भोगीराम कॉलोनी, गोकुल, चंदन विहार कॉलोनी, आनंद नगर सहित जगदीश टॉकिज और सैंपऊ रोड पर स्थित करीब एक दर्जन कॉलोनी में जलभराव के हालात हैं। स्थिति ये है कि लोग पैदल तक नहीं निकल पा रहे हैं। लोगों के घरों में पानी भर गया है। लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। हालात को देखकर लगता है कि लोग जिला मुख्यालय पर नहीं, बल्कि किसी अति पिछड़े गांव देहात में रह रहे हैं।

## चौमूं क्षेत्र में मूसलाधार बारिश, मालेश्वर धाम के झरने चले


बरसात से सामोद के पास महार कलां स्थित मालेश्वर धाम की पहाड़ियों से नदी बहती नजर आई।

- सामोद के वीर हनुमान जी मंदिर के पास स्थिति पहाड़ों से नदियों का पानी निकल पड़ा

**चौमूं/कालाडेरा/सामोद,** (निसं)। चौमूं क्षेत्र में शनिवार सुबह जोरदार बारिश हुई। बारिश होने से कई जगह पर जलभराव हो गया। वहीं लोगों को जलभराव होने से भारी परेशानी हुई।

जानकारी के अनुसार चौमूं के कई गांवों में शनिवार अलसुबह से लेकर 11 बजे तक तेज बारिश हुई। क्षेत्र के गांव कालाडेरा, टांकरड़ा, सामोद, मोरिजा, हाथनोदा, चीथवाड़ी, बासां, महार, कानपुरा सहित आसपास के कई गांवों में तेज बरसात होने के समाचार मिले हैं। बरसात होने से गांवों के खेतों में पानी भर गया। बरसात से सामोद के पास स्थित मालेश्वर धाम पर जोरदार नदी आई और झरने चल गये।

नदी को देखने के लिये आसपास के कई लोग पहुंचे। वहीं मालेश्वर धाम पर भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। वहीं सामोद के वीर हनुमान जी मंदिर के पास स्थिति पहाड़ों से नदियों का पानी निकल पड़ा। वहीं शनिवार होने के कारण हनुमानजी मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं वाहन चालकों को भारी परेशानी हुई। दोनों दर्शनीय स्थलों की पहाड़ियों हरियाली की चादर ओढ़े हुए है। और इन पहाडियों के मध्य से बहते बारिश के पानी से झरने बहुत ही मन मोहक लग रहे हैं। श्रद्धालु मालेश्वर धाम में भोले बाबा व सामोद पर्वत पर विराजे वीर हनुमान बालाजी महाराज के दर्शन कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना करते है।

## तेज बारिश से मकान गिरा, मां-बेटी की दबने से मौत


जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव गांवड़ी में तेज बारिश से मकान गिर गया।

**कामां,** (निसं)। जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव गांवड़ी में तेज बारिश होने के कारण भरभराकर मकान गिर गया, जिसमें एक महिला और बच्ची की दबने से मौत हो गई तो वहीं एक व्यक्ति का पैर भी टूट गया और एक बच्ची की गंभीर हालत बताई जा रही है, जिसको अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जुरहरा थाना क्षेत्र के गांव गांवड़ी निवासी साजिद पुत्र फजरू का मकान बारिश होने के कारण भरभराकर गिर गया। मकान के गिरने की आवाज सुनते ही पड़ौस के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला, जिसमें साजिद की पत्नी जमशीदा और उसकी 8 माह की बच्ची की मलबे में दबने से मौत हो गई तो वहीं साजिद का भी पैर टूट गया एवं उसकी एक बच्ची की हालत गंभीर होने पर साजिद और उसकी बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। साजिद के चार बच्चे बताए जा रहे हैं, जिसमें एक बच्ची की हालत गंभीर है और एक बच्चे की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर जुरहरा थाना अधिकारी और कांमा डीएसपी धर्मराज चौधरी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली।

## खेतड़ी में बारिश से आवासीय क्वार्टरों में पानी घुसा


खेतड़ी में मूसलाधार बरसात से सड़कें पानी से लबालब हो गई।

**खेतड़ी,** (निसं) खेतड़ीनगर में में शनिवार को सुबह हुई डेढ़ घंटे तक बरसात में आवासीय क्वार्टरों में पानी घुस जाने से लोगों का काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने क्वार्टरों में घुसे पानी को निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन बरसात तेज होने के कारण पानी नहीं निकाला जा सका।

खेतड़ीनगर के आजाद मार्केट निवासी रमेश पांडे ने बताया कि सुबह पांच बजे बरसात का दौर शुरू हो गया था। पहले तो हल्की बरसात चल रही थी, लेकिन छह बजे से बरसात तेज हो गई तथा करीब डेढ़ घंटे तक बरसात होने से चारों ओर पानी जमा होने लग गया। पानी की सही तरीके से निकासी नहीं नहीं के कारण न्यू मार्केट, हाथी पार्क, आजाद मार्केट सहित आसपास के इलाके में आवासीय क्वार्टरो में पानी घुस गया। क्षेत्र में करीब डेढ़ घंटे तक मध्यम बरसात होने से सड़कें दरिया बन गई। बरसात के कारण आसपास के क्षेत्र के निचले इलाकों में पानी घुस गया, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सिंघाना के ग्रामीणों ने बताया कि इंदिरा कॉलोनी, प्रभात कॉलोनी, मुख्य बाजार स्थित मुस्लिम बस्ती में पानी की सही निकासी नहीं होने के कारण ग्रामीणों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील रिकॉर्ड के अनुसार 13 एमएम बारिश दर्ज की गई है।

## श्रीमाधोपुर सहित आसपास में सात दिन से बारिश जारी

### अजीतगढ़ में दो इंच व श्रीमाधोपुर में 16 एमएम बारिश दर्ज


श्रीमाधोपुर में बारिश से गलियां लबालब हो गई।

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। शहर सहित इलाके में लगातार सात दिन से बारिश का दौर जारी है। बारिश से आमजन की दिनचर्या अस्तव्यस्त हो गई। कई इलाकों में बारिश का पानी भर गया जिससे आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। श्रीमाधोपुर शहर के निचले इलाकों में पंजाबी मंदिर, स्वामियों का मौला, खंडेला बाजार, लोकनाथ का मोहल्ला आदि जगहों पर नदी का रूप लेकर बरसाती पानी बह निकला।

बारिश का पानी भरने के साथ-साथ शहर की गलियां पानी से लबालब हो गई। कई घरों तथा दुकानों में बारिश का पानी घुस गया। वहीं अजीतगढ़ ब्लॉक में भी लगातार अच्छी बारिश हो रही है। अजीतगढ़ के वार्ड 04 ढ़ाणी बागवाली में घरों में बारिश का पानी घुस गया। पानी भरने के साथ ही मकानों में रखा अनाज सहित अन्य सामान खराब हो गया। लोग घरों से बारिश का पानी निकालते हुए नजर आये। वार्ड के बजरंग लाल, सुरेश प्रजापत, सोहनलाल प्रजापत, नरेंद्र प्रजापत के मकानों में काफी पानी घुस गया। तहसीलदार जगदीश प्रसाद बैरवा ने बताया कि श्रीमाधोपुर ब्लॉक में शनिवार को 16 एमएम तथा अजीतगढ़ ब्लॉक में 52 एमएम (दो इंच) बारिश दर्ज की गई।

## देवलीः कॉलोनियां जलमग्न

**देवली,** (निसं)। शनिवार को शहर में बारिश का दौर फिर से शुरू हुआ जो चंद घंटे तक चलता रहा यहां रुक रुककर हुई बारिश से शहर के अधिकांश इलाकों के गली-मोहल्लों में पानी भर गया। शनिवार को दोपहर में एक रफ्तार से जमकर बारिश हुई, जो चंद मिनटों बाद धीमी पड़ गई। वहीं इसके बाद हल्की बारिश शुरू हुई जो चंद घंटे तक चलती रही। धीमी और तेज गति से हुई बारिश से सब तरफ पानी भर गया। इस दौरान कई घरों व दुकानों में गंदे नालों का पानी चला गया।

## करौली में साढ़े छह इंच बारिश, पांचना बांध के पांच गेट खोले

- पांचना बांध के पांच गेट खोलकर 20 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है
- तेज बारिश के कारण एक पुराना मकान सहित कई जगह पर चार दीवारी भी ढह गई

**करौली,** (निसं)। करौली जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र में शनिवार प्रातः से ही मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया, जिसके चलते करौली शहर को जोड़ने वाले चार प्रमुख मार्गों में से तीन मार्गों में जलभराव हो जाने से लोगों का आवागमन बंद हो गया। वहीं निचली बस्तियों में मकानों एवं दुकानों में पानी भर गया तो वहीं कई सार्वजनिक स्थानों की चार दीवारी ढह गई।

जिला मुख्यालय पर तीन घंटे में साढ़े छह इंच से अधिक बारिश दर्ज की गई है। मूसलाधार बारिश के चलते जिले के सबसे बड़े बांध पांचना में भी पानी की तेजी से आवक हो रही है। बांध में तेजी से जलस्तर बढ़ने के कारण पानी निकासी की मात्रा में वृद्धि की है। बांध के पांच गेट खोलकर 20 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। पांचना बांध के गेट नंबर 2, 3, 4, 5 और 6 को खोलकर 20 हजार क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही है। जबकि पहले 4000 क्यूसेक पानी की निकासी की जा रही थी। तेजी से जलस्तर बढ़ने पर करीब 2:30 बजे पानी कि निकासी को बढ़ाकर 8000 क्यूसेक और 3:00 बजे बाद बढ़ाकर पांच गेट खोलकर 16 हजार क्यूसेक कर दिया। बांध के बढ़ते जलस्तर और लगातार तेजी से पानी कि आवक के कारण निकासी की मात्रा में वृद्धि की है। जल संसाधन विभाग के अधिकारी बांध पर नजर बनाए हुए हैं।

तेज बारिश से कई स्थानों पर जलभराव हो गया। तेज तो कभी धीमी बारिश के चलते प्रात के समय लोगों कि दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हुई। स्कूली बच्चे और अध्यापक बारिश में भीगते और बचाव करते हुए स्कूल पहुंचे। तेज बारिश के कारण सड़कों पर जगह-जगह पानी बहने लगा है। कई कॉलोनी, मोहल्ले के प्रवेश मार्ग पर जलभराव से परेशानी होने लगी। वहीं कई क्षेत्रों में जलभराव होने से मोटरसाइकिल सवारों और टेंपो का आवागमन प्रभावित हो गया। तेज बारिश के कारण वृंदावन मैरिज गार्डन की दीवार गिर गई। मैरिज गार्डन से पास एक पुराना मकान भी ढह गया। इसी प्रकार से सीताबाड़ी में भी एक पाटोर पोश मकान की दीवार गिर गई। हालांकि जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।

इसी प्रकार वार्ड नंबर 44 में डांगरिया तालाब के ओवरफ्लो होने के चलते उसकी पाल तोड़कर पानी की निकासी की गई एव माथुर स्टेडियम कि बाउंड्री, पावर हाउस की चारदीवारी ढह गई। करौली-मंडरायल मार्ग स्थित कई कॉलोनी में जलभराव से लोगों में आक्रोश है। आक्रोशित क्षेत्रवासियों ने करौली-मंडरायल मार्ग पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया और जल निकासी के मार्ग में हो रहे अतिक्रमणों को हटाने की मांग की। जाम और प्रदर्शन की सूचना पर मंडरायल एसडीएम बृजेश गुप्ता मौके पर पहुंचे और समझाइश कर जाम खुलवाया। साथ ही क्षेत्रवासियों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। करौली में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के दौर के कारण नदी-नाले, बांध-तालाब में बड़ी मात्रा में पानी की आवक हुई है। पानी की आवक के कारण तालाब से लगातार ओवरफ्लो हो रहा है।


पांचना बांध के पांच गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही है।

## सार-समाचार

### सत्यपुर मंडल बैठक आयोजित

**जालोर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष तथा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली के निर्देशानुसार मंडल स्तरीय कार्यसमिति का आयोजन किया गया। इसी मानुसार सत्यपुर मंडल की कार्यसमिति बैठक का आयोजन सालक माताजी मदर प्रांगण बावरला में सम्पन्न की गई।कार्यसमिति बैठक में मुख्य अतिथि प्रकाश छाजेड ने राजनीतिक प्रस्ताव रखकर भाजपा सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने राज्य सरकार तथा केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी और जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक प्रचार – प्रसार का आव्हान किया। मुख्य वक्ता नरपतसिंह अरणाय ने राजनीतिक प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बताया कि वर्तमान भाजपा की डबल इंजन सरकार आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से मजबूत है। सत्यपुर मंडल अध्यक्ष अर्जुनसिंह सरवाना ने हरियालों राजस्थान तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान की विस्तृत रूपरेखा रखते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक वृक्षारोपण की अपील की। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष मोड सिंह डभाल, लक्ष्मण चौधरी, बावरला सरपंच रायसिह चौधरी, मंडल महामंत्री ईश्वर लाल मोदी, हरिश गर्ग, हुकम सिंह जी गोहिल, मंडल मंत्री चैनाराम चौधरी, केसाराम पुरोहित, कृष्ण राम सुथार, अर्जुन सिंह किलवा, मंडल प्रवक्ता उम्मेद सिंह बावरला, युवा मोर्चा अध्यक्ष डूंगर सिंह कारोला, केहर सिंह बावरला, भूपाराम पुरोहित, वरजांगाराम, कालीदास संत, वागताराम मोदी, उपसरपंच वन्नेसिंह सिंह, लक्ष्मण देवासी, भोम गिरी सहित अन्य भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अग्रसेन विद्यालय में पौधारोपण

**पाली**, (नि.सं.)। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के आहवान पर महाराजा श्री अग्रसेन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बोहरों की ढाल पाली में पौधारोपण किया गय। इस दौरान संस्था प्रधान मंगलाराम पटेल ने बताया कि विद्यालय के आसपास खाली जगह पर 100 से अधिक पौधे लगवाए जाएंगे। जिला ऑर्गेनाइजर दिलीप कुमार, जिला प्रशिक्षण आयुक्त चंद्र प्रकाश गौड ने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य जिला मुख्यालय पाली ने इस मुहिम को एक महा अभियान के रूप में लिया है। पाली के समस्त ब्लॉक और पंजीकृत/निजी विद्यालयों, सार्वजनिक स्थल, गौशाला, धर्मशाला गोचर भूमि, मंदिर परिसर, सामुदायिक उद्यान, इत्यादि में उच्च स्तर पर वृक्षारोपण करवाने की मुहिम को शामिल किया है, जिसे 7 अगस्त 2024 एवं इसके उपरांत भी वृक्षारोपण करते रहने के लिए प्रयासरत रहेंगे ,यह प्रतिज्ञा ली। इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालय के सुमित्रा शर्मा , अध्यापक जगपाल सिंह बाला, एसएमसी सदस्य गीता देवी, पप्पू राम, राकेश कुमार, कुसुमलता,मांगीलाल , समाजसेवी, मदन मोहन गुप्ता, मुकेश भंसाली आदि उपस्थित रहे।

### पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया

**धोरीमन्ना**, (निसं)। निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पाबूबेरा में कक्षा 5 में अध्ययनरत छात्र लक्ष्मण गोदारा ने स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई की पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित भावना से प्रेरित होकर अपने जन्मदिन पर डीजे पार्टी करने की बजाय पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर विद्यार्थियों के बीच जन्मदिन मनाने इच्छा जताई। पर्यावरण प्रेमी व स्टेट अवार्डी शिक्षक जगदीश प्रसाद विश्नोई ने बताया कि बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के भाव उत्पन्न करने के लिए हम उनको साथ लेकर विद्यालय ही नहीं पूरे गांव में पौधारोपण करते हैं और हर वर्ष पौधे लाकर उनको वितरित भी करते हैं। जिसके कारण बच्चों मे पौधारोपण के प्रति सकारात्मक भाव उत्पन्न हो सके। उसी प्रयासों से प्रभावित होकर विद्यार्थी लक्ष्मण गोदारा व उनके पिता ओमप्रकाश गोदारा ने जन्मदिन पर सभी बच्चों में पर्यावरण पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधारोपण कर सेवा व सुरक्षा करने की शपथ लेकर विद्यालय परिवार को पर्यावरण के प्रति प्रेरित किया।

### संत आश्रम में जागरण आज

**धोरीमना**, (निसं)। धोरीमन्ना उपखंड में डूंगरपुरी महाराज के मठ चौहटन की शाखा संत आश्रम में 11 अगस्त की रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। महंत जगदीशपुरी जी महाराज मङ्काधीश चौहटन के सानिध्य में शाखा संत आश्रम धोरीमना में 11 अगस्त की रात्रि भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। डूंगरपुरी महाराज भजन मंडली एंड पार्टी द्वारा गायक राधेश्याम गोड एवं कई कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी जाएगी पुजारी रामपुरी ने बताया कि धोरीमना कस्बे में स्थित डूंगरपुरीजी का मठ धोरीमना में रात्रि में जागरण वह सोमवार सुबह में महाआरती व महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया जाएगा। श्रावण मास के चौथे सोमवार को डूंगरा परमेश्वरा महादेव का अभिषेक किया जाएगा। दिनभर मेला रहेगा। सनातन धर्म प्रेमियों को अपील है कि इस भव्य मेले को सफल बनवाएं श्रावण मास में दिन भर मेला लगेगा। मठ के कार्यकर्ता किशन सारण, मोबताराम गुरलिया, सुखराम भाम्भू, भजनाराम, प्रवीण कुमार, जुंजाराम, राजूराम सारण, कालूराम मांजू पुरखाराम सारण रामनिवास नरेश गोदारा कुलदीप गोदार समस्त मठ परिसर सदस्य उपस्थित थे।

### सालावास में विरोध में उतरे गार्ड व डीलर

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के सालावास में स्थित एचपीसीएल के डिपो में आज सुबह सिक्यूरिटी इंचार्ज को बिना गलती के डिपो से बाहर निकालने के अफसरों के तानाशाही रवैये के बाद वहां पर स्थिति तनावपूर्व हो गई और कार्य व्यवस्था में व्यवधान पड़ा। सालावास एचपीसीएल डिपो सिक्योरिटी इंचार्ज को बिना गलती के बाहर निकालने को लेकर सिक्योरिटी गार्ड, वहां सप्लाई लेने टैंकर लेकर पहुंचे ड्राइवर, पम्प डीलर और ट्रांसपोर्टर द्वारा गेट के बाहर धरना प्रदर्शन किया गया था। धरना प्रदर्शनकारियों ने बताया कि सिक्योरिटी सुपरवाईजर पिछले 9 साल से डिपो में सेवा दे रहा है उनकी ईमानदारी और वफादारी के बावजूद एक छोटी सी गलती के कारण नौकरी पर पहले सभी ने समझाइश का प्रयास किया। ट्रांसपोर्टर, डीलर, डाइवर, हैल्पर और कॉन्ट्रैक्ट वायरमैन स्टाफ ने डिपो के अधिकारियों से समझाइश की मगर नहीं माने।

### डोली में भजन संध्या आज

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर के निकटवर्ती रामेश्वर महादेव मंदिर डोली में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की पूर्व संध्या पर रविवार को विशाल भजन संध्या होगी। जिसमें मारवाड़ के नामी कलाकार भजनों की सरिता बहाएंगे। आयोजन समिति के सुरताराम देवासी ने बताया कि भजन संध्या में ख्याति प्राप्त भजन कलाकार रामदेव गौड़, कुशल बारहट, प्रकाश माली, मोइनुद्दीन मनचला, गजेंद्र राव, महेंद्र सिंह पंवार, कुलदीप ओझा, संजय पंचारिया, रमेश माली, हेमा वैष्णव , डॉक्टर स्वाति शर्मा, नीलम सिंह, ईश्वरदान पोकरण, महेंद्र सिंह राठौर पाली, पुरुषोत्तम काका जयपुर, ओम आचार्य फालना, महेंद्र वैष्णव नारनाडी, ओम भारती डोली सहित कई भजन कलाकार भजन संध्या में शामिल होकर अपनी प्रस्तुति देंगे।

### रामदेवरा मेले की तैयारी पर चर्चा कल

**पोकरण**, (निसं)। बाबा रामसापीर के जग विख्यात बाबा रामदेवरा मेला-2024 के बेहतरीन ढंग से सफलतापूर्वक संचालन एवं मेला तैयारियों एवं आयोजन व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा बैठक संम्भागीय आयुक्त बी.एल.मेहरा की अध्यक्षता में 12 अगस्त को दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत रामदेवरा के सभागार में रखी गई है। उपखण्ड अधिकारी पोकरण एवं मेला मजिस्ट्रेट रामदेवरा, प्रभजोतसिंह गिल ने यह जानकारी दी एवं मेला व्यवस्थाओं से जुड़े समस्त विभागीय अधिकारियों को कहा कि वे तैयारी के संबंध में अपडेट सूचना के साथ बैठक में उपस्थित होवें।

### खेजड़ी व नीम के पेड़ चुराने का मामला

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती देवलिया गांव में खेत से नीम और खेजड़ी वृक्ष काटने का लेकर एक व्यक्ति ने बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी है। पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ जांच आरंभ की है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि रणवीर भवन, नौवीं चौपासनी रोड निवासी प्रवीण सिंह पुत्र रणवीर सिंह माली ने पुलिस को बताया कि देवलिया गांव की सरहद में उसकी एक जमीन आयी हुई है। जहां पर तेज सिंह आदि ने मिलकर उसके खेत से नीम और खेजड़ी के पेड़ काटने के बाद चुराकर ले गए।

### बच्चेदानी की मरीज के बच्चा हुआ

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। बच्चेदानी में बनावटी खराबी होने,बच्चेदानी दो भागों में बंटी होने के कारण बच्चा नही होने की सम्भावना के मध्य माहेश्वरी हॉस्पीटल में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ दीपिका खत्री द्वारा इलाज पर मरीज सुहागी की बच्चेदानी के दाहिने भाग में बच्चा ठहर गया। पूरे नौ महीने इलाज के बाद उसका जटिल सिजेरियन ऑपरेशन माहेश्वरी हॉस्पीटल में ही डॉ दीपिका खत्री व उनकी टीम द्वारा किया गया। मरीज के रिश्तेदारों ने खुशी एवं सन्तुष्टी जाहिर की है।

# राज्यपाल ने सरहदी इलाकों में विकास कार्यों का जायजा लिया

**बाड़मेर**, (निसं)। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शनिवार को बाड़मेर जिले के सीमावर्ती इलाकों का दौरा कर ग्रामीणों से संवाद किया।

उन्होंने केन्द्र सरकार की योजनाओं के विकास कार्यों का अवलोकन करने के साथ पश्चिमी सरहद पर जवानों के साथ प्रहरी सम्मेलन में शिरकत की। इस दौरान राज्यपाल बागडे ने मुनाबाव सीमा चौकी से भारत-पाक सीमा का अवलोकन कर सीमा प्रबंधन के बारे में जानकारी ली। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने शनिवार को बाड़मेर जिले की तामलोर ग्राम पंचायत में गंवई नाडी रिनोवेशन कार्य का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने ग्रामीणों से गंवई नाडी में पानी की आवक,उपयोगिता एवं इसके निर्माण के बारे में जानकारी ली। तामलोर ग्राम पंचायत के सरपंच हिन्दूसिंह तामलोर एवं ग्रामीणों ने बताया कि भारतीय सेना के जवानों ने ब्लास्ट के जरिए इस नाडी का निर्माण कराया था। भारत-पाक युद्ध 1971 के दौरान ग्रामीणों ने भारतीय सेना का सहयोग किया था। उन्होंने बताया कि मनरेगा एवं आईडब्ल्यूएमपी के माध्यम से इस नाडी की पक्की पाल का निर्माण कराया गया है। इसके आगोर में तीस बेरियां भी बनी हुई है। इस दौरान राज्यपाल बागडे ने ग्रामीणों से पेयजल के स्त्रोतों एवं पानी की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने तामलोर ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना की लाभार्थी गुडडी कंवर के आवास एवं पानी के टांके का अवलोकन किया। राज्यपाल ने लाभार्थी गुडडीकंवर एवं उसके परिजनों से आवास निर्माण एवं अन्य योजनाओं से लाभांवित होने के बारे में पूछा। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत लगे नल कनेक्शन का भी अवलोकन किया। ग्रामीणों ने बताया कि पहले पानी की भारी दिक्कत थी। एक हजार रूपए में पानी का टैंकर डलवाना पड़ता था। अब घर-घर पानी के कनेक्शन होने से उनको खासी सहुलियत हो गई है। राज्यपाल ने पानी की आवक एवं टांके में उपलब्ध पानी की उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने पूछा कि टांके में उपलब्ध पानी कितने समय तक चलेगा,इस पर लाभार्थी परिवार ने बताया कि उनके लिए तीन-चार माह तक पर्याप्त होगा। जिला कलैक्टर निशान्त जैन ने बताया कि इस परिवार को उज्ज्वला एवं अन्य योजनाओं से लाभांवित किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्य के बारे में बताया गया कि तामलोर ग्राम पंचायत में 500 घरों में जल कनेक्शन किए जा चुके है। इससे 2500 की आबादी लाभांवित हुई है। तामलोर ग्राम पंचायत में राज्यपाल बागडे तामलोर ग्राम पंचायत में पैदल चलकर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से रूबरू हुए। उन्होंने ग्रामीण हाकमसिंह, रेखाकंवर से बातचीत करते हुए भारत-पाक विस्थापन,सरकारी योजनाओं की क्रियान्विति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने एक निर्माणाधीन मकान पर आवास योजना के लाभार्थी का नाम प्रदर्शित करवाने के निर्देश दिए।

इस दौरान राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल, बाड़मेर जिला कलक्टर निशान्त जैन, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना, शिव विधायक रविन्द्रसिंह, समाजसेवी स्वरूपसिंह खारा, उपखंड अधिकारी अनिल जैन, विकास अधिकारी प्रवीणसिंह एवं अधीक्षण अभियंता हनुमानराम समेत विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। गंवई नाडी में पहुंचने पर राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे का स्थानीय सरपंच हिन्दूसिंह ने स्वागत किया। इससे पहले राज्यपाल शनिवार सुबह मालाणी एक्सप्रेस के जरिए बाडमेर जिला मुख्यालय पर पहुंचे। जहां गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कलैक्टर निशान्त जैन, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्रसिंह मीना, चौहटन विधायक आदूराम मेघवाल, शिव विधायक रविन्द्र सिंह, जोधपुर डीआरएम पंकज कुमार सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ पलनीचामी, समाजसेवी दिलीप पालीवाल समेत जन प्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने उनकी अगवानी की।



राज्यपाल हरिभाऊ किशनराव बागडे ने बाड़मेर के सरहदी इलाकों का अवलोकन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

# इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी का शिविर आयोजित



जालोर में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी ने ओरल हेल्थ चेकअप एंड एवरनेस कैंप तथा न्यूट्रीशन असेसमेंट कैंप का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, कासं)। इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जालोर शाखा की ओर से 52 सप्ताह 52 सेवा कार्यक्रम के दूसरे सप्ताह जालोर शहर के एफ सी आई स्थित आदर्श विद्या मंदिर प्राथमिक में ओरल हेल्थ चेकअप एंड एवरनेस कैंप और न्यूट्रीशन असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ. आरजू, डॉ.एहराज द्वारा बच्चों की ओरल हेल्थ और न्यूट्रीशन एक्सपर्ट डॉ. पवन ओझा द्वारा बच्चों का न्यूट्रिशनल असेसमेंट किया गया और सभी बच्चों को डेंटल किट का वितरण किया गया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को दाँतो को स्वस्थ रखने के टिप्स भी दिये एवं हर 6 महीने में दाँतों की जाँच करवाने की सलाह दी। डॉ. पवन ओझा द्वारा बच्चों का न्यूट्रीशनल एंथ्रोपोमेट्रिक असेसमेंट एवं बीएमआई ज्ञात किया गया।

साथ ही उनमे कुपोषण एवं एनीमिया के लक्षणों की भी जाँच की गयी। बच्चों को दूध,हरी पत्तेदार सब्जियों और दालों सहित संतुलित आहार का महत्व समझाया गया। इंडियन रेडक्रास सोसाइटी के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत बच्चों में बीमारीयों की रोकथाम एवं स्वास्थ्य उन्नयन के लिए प्रतिवर्ष रेडक्रास जालोर द्वारा इस तरह के शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष भरत गोयल एक्जीक्यूटिव सदस्य मोहित बोहरा ने बच्चों को संबोधित किया और स्वास्थ्य और खेल का जीवन में महत्व समझाया।

## सांसद चौधरी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**पाली**, (नि.सं.)। पाली जिले में बाढ़ के बाद उपजे हालातों एवं नुकसान को लेकर सांसद पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री पीपी चौधरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखा।

पत्र में उन्होंने आमजन को हुए नुकसान के साथ किसानों के लिए स्पेशल गिरदावरी की मांग रखी। सांसद ने पत्र में बताया कि पाली जिले में बाढ़ की स्थिति के कारण खेतों में पानी भर गया है और बाजरा, मूंग, तिलहन आदि की फसल पूर्ण रूप से नष्ट हो गई है। इसके अलावा, जब तक खेतों से पानी नहीं निकलेगा, किसानों के पास दोबारा फसल बोने का समय नहीं बचेगा। मेरे संसदीय क्षेत्र के पाली जिले में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने के कारण पाली, सोजत, बाली, मारवाड़ जंक्शन, सुमेरपुर में निचली बस्तियां जलमग्न हो गई है। इसके अलावा औसियां, भोपालगढ़ और बिलाड़ा के क्षेत्रों में अतिवृष्टि के कारण निचले इलाकों में बसी बस्तियों में भी अभी तक पानी भरा हुआ है। बाढ़ एवं अतिवृष्टि के कारण निम्न वर्ग, जो कि कच्चे मकानों में रहता है, सबसे अधिक पीड़ित है। क्योंकि उनके घर क्षतिग्रस्त हो गए और मरम्मत और पुनर्निर्माण की आवश्यकता है। सांसद चौधरी ने मुख्यमंत्री शर्मा से आग्रह किया कि पाली एवं जोधपुर प्रशासन को निचली बस्तियों, जलमग्न इलाकों में जल निकासी व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया जावें।

## शिवाजी मंडल की बैठक हुई

**पाली**, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी शिवाजी मंडल की कार्यसमिति बैठक महादेव मंदिर केशव नगर में मंडल अध्यक्ष पुखराज बंजारा की अध्यक्षता में रखी गयी। जिसमें पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, कुसुम सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी, निखिल व्यास मुख्य वक्ता के रूप में बैठक में रहे।

महामंत्री नवीन वागोरिया ने बताया कि कार्यसमिति का सुभारम्भ मुख्य वक्ताओं द्वारा भारत माता के सामने दीप प्रज्वलित कर के किया गया। वागोरिया ने बताया कि मुख्य वक्ता महेन्द्र बोहरा ने आगामी दिनों में हमे तिरंगा रैली, एक पेड़ मां के नाम और विभाजन विभीषिका दिवस को हमे प्रत्येक बूथ स्तर तक पहुचाना है। जिला उपाध्यक्ष सुरेश चौधरी ने कहा कि आगामी समय में नगरीनिकाय और पंचायती राज के चुनाव आने वाले ही इस लिए सभी कार्यकर्ताओं को कमर कस कर कमल के फूल को विजय बनाना है। निखिल व्यास, अशोक सोनी, प्रवीण गुलेच्छा, नवीन मेहता, बाबूसिंह राजपुरोहित, मांगीलाल बिरावत, हीरालाल मेघवाल, सलीम भाई, तुलसाराम कीर, विक्रम पाल सिंह, नैना जितेन्द्र व्यास, सुमन सेन, रितिक दवे, अशोक बंजारा, विजय परिहार, दिनेश देवासी, नटवर सिंह, लुणसिंह राजपुरोहित, अशोक अदानिया, किशोर सिंह, खेताराम माली, नरपत कंडारा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# उपराष्ट्रपति से पूर्व नरेश ने की शिष्टाचार भेंट की



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व पूर्व नरेश गजसिंह की उम्मेद भवन पैलेस में शिष्टाचार भेंट हुई।

**जोधपुर**, (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व पूर्व नरेश गजसिंह ने शनिवार को सुबह उम्मेद भवन पैलेस में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति की पत्नी सुदेश धनखड़ व हेमलता राज्ये भी उपस्थित थी।

इस दौरान उपराष्ट्रपति व पूर्व नरेश के बीच मारवाड़ की कला ,संस्कृति, इतिहास व पर्यटन पर चर्चा हुई। जोधपुर के संस्थापक राव जोधा व जोधपुर की स्थापना पर भी बातचीत हुई। उपराष्ट्रपति ने उम्मेद भवन पैलेस की स्थापत्य कला की सराहना की।

बातचीत के दौरान पूर्व नरेश गज सिंह ने अपने राज्यसभा कार्यकाल के अनुभव भी सांझा किये। बातचीत में स्वर्गीय महाराजा हनवन्त सिंह के चुनाव के बारे में भी चर्चा हुई।

उपराष्ट्रपति ने पूर्व नरेश को दिल्ली आकर नया संसद भवन देखने का न्यौता दिया। पूर्व नरेश ने इसके लिए आभार प्रकट किया।

पूर्व नरेश गज सिंह ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को स्वर्गीय महाराजा हनवन्त सिंह पर लिखित फोटो बुक ए शॉर्ट यट एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी लाइफ - महाराजा हनवन्त सिंह फोटो मेमोरी भेंट की व पूर्व नरेश हेमलता राज्ये ने सुदेश धनखड़ का शॉल ओढाकर स्वागत किया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने पूर्व नरेश गज सिंह को नए पार्लियामेंट भवन के समय जारी सिक्का व पुस्तक भेंट की।

## सार-समाचार

### मारपीट से घायल की अस्पताल में मौत

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती डांगियावास के पालासनी गांव के गांवाई आगोर गांव में गुरूवार की रात में एक अधेड़ के साथ कुछ लोगों में मामूली झड़प के बाद मारपीट कर दी। मारपीट से घायल अधेड़ की तबीयत बिगडऩे पर परिजन उसे निजी अस्पताल लेकर गए। जहां से बाद में स्थिति नाजुक होने पर एमडीएम अस्पताल रैफर कर दिया गया। जहां बाद में उसकी मौत हो गई। परिजन ने अज्ञात शख्स के खिलाफ हत्या में रिपोर्ट दी है। इधर आज सुबह परिजन ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मोर्चरी पर विरोध प्रदर्शन भी किया। पुलिस ने कुछ संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ आरंभ की है। फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। परिजन को समझाइश कर मामला शांत करवाया गया और शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाया गया। थानाधिकारी मनोज परिहार ने बताया कि पालासनी गांव के गांवाई आगौर में अज्ञात आरोपियों द्वारा बिसलपुर निवासी 49 साल के जाफूर शाह पुत्र बाबु शाह फकीर के साथ मारपीट की, जिस पर घायल जाफूर शाह को मौके पर मौजूद ठामीणों व परिजनो द्वारा इलाज के लिए बनाड रोड स्थित निजी अस्पताल लेकर गए। जहां उसकी स्थिति नाजुक होने पर बाद में मथुरादास माथुर अस्पताल रैफर कर दिया गया। मगर यहां पर बाद में डॉक्टर ने उसे मृत बता दिया। थानाधिकारी मनोज परिहार ने बताया कि वांछित अपराधियों की तलाश में पुलिस की टीमों को लगाया गया है। कुछ संदिग्ध को थाने लाकर पूछताछ की गई, मगर ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया गया। थानाधिकारी परिहार ने बताया कि मामूली विवाद के बाद झगड़ा हुआ और मारपीट की गई। जिससे जाफूर शाह की तबीयत बिगड़ गई। उसे संभवत: मुक्का मारा गया। मामले में अब आरोपियों की तलाश जारी है। इसमें उसके भाई याकूब शाह की तरफ से हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है।

### पॉक्सो पर कार्यशाला आज

**जोधपुर**, (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति एवम पॉक्सो कमेटी द्वारा किशोर न्याय अधिनियम 2015 के परिपेक्ष में देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों एवं विधि के साथ संघर्षरत बच्चों में विशेष योग्य बच्चों के विषय में कार्यशाला का आयोजन 11 अगस्त को राजस्थान राज्य न्यायिक अकादमी जोधपुर में किया जाएगा। कार्यशाला के मुख्य अतिथि न्यायाधिपति चंद्रशेखर होंगे जबकि अध्यक्षता न्यायाधिपति डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी करेंगे। कार्यक्रम में राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति के अध्यक्ष न्यायाधिपति मनोज कुमार गर्ग, न्यायाधिपति इंद्रजीत सिंह, पोक्सो कमेटी अध्यक्ष न्यायाधिपति रेखा बोराणा, न्यायाधिपति शुभा मेहता राजस्थान सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका यूनिसेफ के फील्ड ऑफिस चीफ ऋषभ हेमानी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं रिसोर्स पर्सन कार्यशाला को संबोधित करेंगे। राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति नोडल ऑफिसर अमित कुमार गोयल ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति सुप्रीम कोर्ट के निर्देशन पर हर वर्ष बाल संरक्षण पर कार्यशाला आयोजित करती है। इस वर्ष कार्यशाला की थीम प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन विथ डिसेबिलिटी है। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ प्रतिभागियों के साथ संवाद करेंगे। कार्यशाला में राजस्थान उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति का लोगो एवं वेब पेज भी लॉन्च किया जाएगा।

### पुलिस ने 229 जनों की फोटो मिलाई

**जोधपुर** (कासं)। शहर में आगामी त्यौहार एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को मद्देनजर रखते हुए पुलिस आयुक्त राजेंद्र सिंह के निर्देशानुसार पुलिस आयुक्तालय जोधपुर में संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम के लिए शुक्रवार की देर शाम 7 बजे से रात 11 बजे तक राजकोप ऐप के माध्यम से संदिग्ध व्यक्तियों की फोटो मिलान अभियान चलाया गया। पुलिस आयुक्तालय के समस्त वृत सहायक पुलिस आयुक्तगण के नेतृत्व में अपने-अपने वृत क्षेत्र में स्थित थानाधिकारियों को राजकोप ऐप पर फोटो मिलान की तकनीकी जानकारी एवं कार्य प्रणाली के बारे में ब्रीफ कर अपने-अपने क्षेत्र में सार्वजनिक स्थान-पार्क, पार्किंग, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हॉस्पिटल, ठेला संचालको व होटल, ढाबा, धर्मशाला आदि में ठहरने वाले लोगों की पूछताछ कर संदिग्ध लोगों की फोटो मिलान करने एवं पर्चा 'ब' की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। पुलिस आयुक्तालय के समस्त थानाधिकारियों ने अपने-अपने थाना पुलिस बल को राजकोप ऐप पर फोटो मिलान संबंधित तकनीकी जानकारी प्रदान कर निर्देशित चिन्हित स्थानों पर जाकर राजकोप ऐप के माध्यम से फोटो पहचान कर संदिग्ध व्यक्ति पाए जाने पर पर्चा बी की कार्यवाही करने के लिए रवाना किए गए। राजकोप ऐप द्वारा कुल 229 व्यक्तियों की फोटो का मिलान किया गया।

### विवाद में मारपीट के कई केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के अलग अलग थाना क्षेत्रों में मारपीट करने के प्रकरण पुलिस थानों में दर्ज हुए है। महामंदिर पुलिस ने बताया कि अशोक कॉलोनी माता का थान निवासी धर्मेन्द्र सिंह पुत्र गोपाराम जाट ने रिपोर्ट दी। इसमें पुलिस को बताया कि 9 अगस्त को वह फल सब्जी मंडी आया था। जहां पर आरोपी फिरोज उर्फ टीलू व उसके साथियों ने उसके और उसके भाई के साथ मारपीट की और गले में पहनी सोने की चेन छीनकर ले गए। इसी प्रकार बनाड़ थाने में दी रिपोर्ट में लक्ष्मीनगर, पावटा बी रोड निवासी सुरजाराम पुत्र भोलाराम जाट ने पुलिस को बताया कि 9 अगस्त को संजय और लीला ने उसकी पत्नी को घर पर बुलाकर उसके साथ मारपीट की और उसकी पत्नी के कानों में पहने झुमका तोडक़र छीन लिया ।वहीं महामंदिर थाने में ही दी रिपोर्ट में खेतानाडी महामंदिर निवासी एक महिला ने बताया कि इसी क्षेत्र में रहने वाले आरोपियों ने उसके और उसके परिजनों के साथ मारपीट की और उसकी पत्नी के साथ दुर्व्यवहार कर लज्जा भंग की। मथानिया थाने में नेवरा निवासी बुधाराम पुत्र भैराराम बावरी ने पुलिस को बताया कि 8 अगस्त को उसके साथ खुडियाला निवासी भल्लाराम पुत्र नत्थाराम बावरी ने रास्ता रोककर मारपीट कर घायल कर दिया।

### ट्रक चालक व खलासी से 80 हजार लूटे

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के नेशनल हाइवे 48, रमजान का हत्था रोड पर एक ट्रक चालक और उसके खलासी से स्कार्पियो में सवार बदमाशों ने हथियारों से हमला कर 80 हजार रूपए लूट लिए। बाद में बदमाश भाग गए। अज्ञात लोगों के खिलाफ इस बारे में बनाड़ थाने में मामला दर्ज कराया गया है। बनाड़ पुलिस ने बताया कि बावरला निवासी रामसिंह पुत्र अमराराम विश्नोई की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह एक ट्रेलर चलाता है। 8 अगस्त की रात को वह ट्रेलर में चूना लोड कर गोवा महाराष्ट्र के लिए निकला था। मगर रात ज्यादा होने पर वह स्कूटी पर सवार होकर अपने घर के लिए निकल गया और ट्रेलर को झालामंड में खड़ा कर दिया। स्कूटी पर उसका भांजा करण और खलासी अशोक साथ था। यह लोग जब रमजान का हत्था नेशनल हाईवे 48 पर पहुंचे तो पीछे से एक काले रंग की स्कार्पियो आई और उन्हें रूकवा। हाथ सरिया, लगिया और लाठी लिए बदमाश उतरे और हमला कर दिया। उसकी जेब 80 हजार रूपए थे जोकि लूट कर ले गए। बनाड़ पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज किया है। अठिाम पड़ताल की जा रही है।

### एंटी लैंड माइन का निस्तारण किया

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जिले के सीमावर्ती म्याजलार गांव के पास करीब 15 दिन पहले मिली एंटी पर्सनल लैंड माइन को भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते ने तेज धमाके के साथ शनिवार को उड़ाया। इसके साथ ही एंटी पर्सनल लैंड माइन का निस्तारण हुआ और ठाामीणों ने राहत की सांस ली। इस मौके पर भारतीय सेना के अधिकारी व म्याजलार थाना अधिकारी नरेंद्रसिंह तथा पुलिस की टीम मौजूद रही। म्याजलार थाना प्रभारी नरेंद्रसिंह ने बताया कि शनिवार को भारतीय सेना का बम निरोधक दस्ता आया। उन्होंने एंटी पर्सनल लैंड माइन का निरीक्षण कर उसे वहीं पर वायर आदि से जोड़कर धमाके के साथ उड़ा दिया। इस दौरान पुलिस कि कड़ी सुरक्षा रही ताकि किसी भी तरह की कोई अनहोनी नहीं हो।

### उप मुख्यमंत्री आज बिलाड़ा आयेंगे

**जोधपुर**, (कासं)। उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रविवार को जोधपुर आयेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा रविवार,11 अगस्त को प्रात: 11 बजे उदयपुर से बिलाड़ा (जोधपुर) आयेंगे तथा उप परिवहन कार्यालय, बिलाड़ा जोधपुर के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लेंगे। वे प्रात: 11.30 बजे डॉ बी.आर. अम्बेडकर भवन, पोस्ट ऑफिस के पास बिलाड़ा में आयोजित होने वाले सर्व जातीय प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे तथा 12.30 बजे वे बिलाड़ा से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।



मैं विनेश का दर्द अच्छी तरह समझता हूं। दूसरों की बातों की चिंता मत करो। जिंदगी चलती रहती है। असफलताओं से उबरना सबसे खूबसूरत चीज है। अच्छी तरह आराम करो। - रेई हिगुची

जापानी ओलंपिक चैंपियन, विनेश फोगाट का समर्थन किया।




**आज का खिलाड़ी** **अमन सहरावत**



**भारतीय** पहलवान अमन सहरावत पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों के कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश के सबसे युवा पदक विजेता बन गए है। अमन सहरावत ने शुक्रवार को पेरिस 2024 कुश्ती स्पर्धा में पुरुषों के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता। अमन ने 21 साल 24 दिन की उम्र में कांस्य पदक जीतकर यह रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने हमवतन बैंडमिंटन स्टार खिलाड़ी पीवी सिंधु के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया। सिंधु ने रियो ओलंपिक 2016 में 21 साल, एक महीना और 14 दिन की उम्र में रजत पदक जीता था।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिकेट के इतिहास में केवल चार टैस्ट सीरीज बिना हार-जीत के समाप्त हुई जिनका प्रत्येक मैच ड्रॉ रहा, इनमें से दो सीरीज लगातार भारत और पाकिस्तान के बीच हुई।

## पर्यावरण संरक्षण के पथ पर दौड़ रही वेनलल्ला की साईकिल

शिमला, 10 अगस्त। 'राइड टू क्लीन एयर' का लक्ष्य लेकर पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण कम करने का संदेश देने वाले मशहूर साइकिलिस्ट वेनलल्ला अवमजुआला की साइकिल देश की सड़कों पर खूब दौड़ रही है। मिजोरम राज्य के इस शख्स ने अपने विवाह के मात्र दो माह बाद देश के भ्रमण पर निकलने का निर्णय लिया और गत 25 जनवरी 2024 को मिजोरम से पैडल चलाना शुरू किया। साइकिलिस्ट वेनलल्ला कन्याकुमारी से जम्मू-कश्मीर होकर हिमाचल की सड़कों पर पहुंचे। वह बीते छह महीने की यात्रा कर गुरुवार को हिमाचल की राजधानी शिमला पहुंचे। जाइका वानिकी परियोजना मुख्यालय शिमला पहुंचने पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक श्रेष्ठा नंद शर्मा और परियोजना के समस्त कर्मचारियों के समक्ष वेनलल्ला ने अपने अनुभव सांझा किए। अब तक 12 हजार 829 किलोमीटर का भ्रमण कर देश के कोने-कोने में पर्यावरण बचाने और प्रदूषण पर नियंत्रण करने का संदेश देते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह पूरे देश में 22 हजार 800 किलोमीटर की यात्रा करेंगे जो उनका मुख्य लक्ष्य है। गौरतलब है कि वेनलल्ला मिजोरम सरकार के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अंतर्गत देश के सभी राज्यों को राइड टू क्लीन एयर का संदेश दे रहे हैं। वेनलल्ला ने कहा कि 'इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड' में नाम दर्ज कर दूरे देश को स्वच्छ वायु बनाए रखने के लिए साइक्लिंग कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश वन विभाग में अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल आर ललनन संगा भी जाइका वानिकी परियोजना मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने मशहूर साइकिलिस्ट वेनलल्ला के स्वागत करने के लिए परियोजना के सभी स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

## चेन्नईयिन एफसी का लक्ष्य असम राइफल्स के खिलाफ अभियान को सकारात्मक रूप से समाप्त करना

जमशेदपुर, 10 अगस्त। चेन्नईयिन एफसी रविवार को यहां जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में असम राइफल्स एफटी के खिलाफ अपने डूरंड कप 2024 अभियान को सकारात्मक रूप से समाप्त करने का लक्ष्य रखेगा। नए चेहरे वाली मरीना माचांस ने ज्यादातर युवा भारतीय खिलाड़ियों की टीम को मैदान में उतारा था। माचांस पहले दो ग्रुप मैचों में भारतीय सेना एफटी और जमशेदपुर एफसी से हार गई हालांकि उन्होंने कड़ी टक्कर दी। असम राइफल्स ने भी अपने पिछले दो मैच गंवाए। चेन्नई एफसी के सहायक कोच नोएल विल्सन ने कहा असम राइफल्स एक अच्छी टीम है, रक्षात्मक रूप से मजबूत है। उन्होंने अपने पिछले दो मैच हारने के बावजूद काम करना जारी रखा है। उन्होंने कहा वे एक कठिन टीम हैं, लेकिन उनके प्रति पूरे सम्मान के साथ हम चेन्नईयिन एफसी के रूप में मैदान पर जाकर अपना खेल खेलना चाहते हैं और मैच जीतने के लिए जो करना है, वह करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विंसी बैरेटो ने जमशेदपुर एफसी के खिलाफ़ प्रतियोगिता में टीम का पहला गोल किया। युवा भारतीय सोलामलाई आर और विशाल आर जैसे खिलाड़ियों के साथ डूरंड कप में चेन्नईयिन के उज्ज्वल खिलाड़ियों में से एक रहे हैं, ने बहुत सारे सकारात्मक परिणाम दिए हैं। उन्होंने टिप्पणी की कि एक सकारात्मक बात यह रही कि रिजर्व टीम के खिलाड़ी वरिष्ठ खिलाड़ियों से मुकाबला करने की कोशिश कर रहे हैं। आप युवाओं को पहली टीम के खिलाड़ियों के साथ प्रदर्शन करते हुए देखते हैं और आपको अच्छा महसूस होता है। खासकर जमशेदपुर के खिलाफ़ पिछले मैच में मुझे लगा कि हर खिलाड़ी ने मैदान पर कड़ी मेहनत की। हर खिलाड़ी ने संघर्ष किया। उन्होंने कहा इसलिए मैं हमेशा रिजर्व खिलाड़ियों से कहता हूँ कि उन्हें कड़ी मेहनत करते रहना है और उन्हें प्रशिक्षण और मैच के दौरान यह साबित करते रहना है कि उनमें सीनियर टीम में फिट होने की योग्यता है। अगर दो या तीन खिलाड़ी भी ऐसा कर पाते हैं, तो यह एक बड़ी सफलता है। डूरंड कप अब अपने 133वें संस्करण में है और यह एशिया की सबसे पुरानी क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता है और भारतीय घरेलू सत्र के लिए पारंपरिक शुरुआत है।

## राजनीतिक अशांति के बाद पाकिस्तान जल्दी पहुंचेगी बांग्लादेश क्रिकेट टीम

कराची, 10 अगस्त। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि बांग्लादेश की सीनियर क्रिकेट टीम 13 अगस्त को पाकिस्तान पहुंचेगी क्योंकि घरेलू राजनीतिक अशांति के कारण उनकी दो मैच की टेस्ट श्रृंखला की ट्रेनिंग बाधित हुई है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने इस संबंध में पीसीबी का निमंत्रण स्वीकार लिया है। बांग्लादेश आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंतर्गत पाकिस्तान से दो टेस्ट मैच की श्रृंखला खेलेगा। पहला टेस्ट 21 से 25 अगस्त को रावलपिंडी में जबकि दूसरा टेस्ट 30 अगस्त से तीन सितंबर तक कराची में होगा। पीसीबी के मुख्य परिचालन अधिकारी सलमान नसीर ने कहा कि उन्हें खुशी है कि बीसीबी ने उनका निमंत्रण स्वीकार कर लिया। नसीर ने कहा, "खेल महज जीत और हार नहीं है। यह भाईचारे के बारे में भी है। मुझे पूरा भरोसा है कि लाहौर में अतिरिक्त ट्रेनिंग सत्र से बांग्लादेश के खिलाड़ियों को वैश्विक मंच पर अपना कौशल और प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा। बीसीबी के मुख्य कार्यकारी निजाम उद्दीन चौधरी ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम को पाकिस्तान में अतिरिक्त ट्रेनिंग का मौका देने के लिए पीसीबी को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, "इससे खिलाड़ियों को निश्चित रूप से परिस्थितियों के अनुकूल होने और आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला के लिए बेहतर तैयारी करने में मदद मिलेगी। " बांग्लादेश के खिलाड़ी 16 अगस्त तक गद्दाफी स्टेडियम में ट्रेनिंग के बाद रावलपिंडी जायेंगे और 18 अगस्त से अभ्यास सत्र में हिस्सा लेंगे।

# अमन ने 10 घंटे में 4.6 किलो वजन कम करके देश को दिलाया मेडल

## विनेश फोगाट के साथ जो हुआ उससे अमन सहरावत ने ली सीख



पेरिस, 10 अगस्त। अमन सेहरावत ने शुक्रवार को 2024 पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीत लिया है। अमन का ये पदक भारत के लिए छठा पदक है और इस सीजन का पांचवा कांस्य पदक है। इस वर्ष कुश्ती में भारत को पहला पदक अमन की बदौलत ही मिला है। भारतीय पहलवान ने कांस्य पदक के लिए पुरुष फ्रीस्टाइल 57 किलोग्राम भार वर्ग में प्यूर्टो रिको के डेरियन क्रूज़ को 13-5 के स्कोर से हराया। इस जीत से ओलंपिक में भारत का 2008 से कुश्ती में कम से कम एक पदक जीतने का सिलसिला भी कायम रहा।

हालांकि, ओलंपिक पदक जीतने से लगभग 24 घंटे पहले, भारतीय खेमे में घबराहट की भावना थी, जैसा कि इस सप्ताह की शुरुआत में देखा गया था, जिसके परिणामस्वरूप विनेश फोगट को दुर्भाग्य का सामना करना पड़ा।

शुक्रवार को, सेहरावत का वजन 61.5 किलोग्राम था, जो गुरुवार को शाम 6:30 बजे जापान के री हिगुची के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के बाद था - पुरुषों के 57 किलोग्राम में स्वीकार्य सीमा से ठीक 4.5 किलोग्राम अधिक। भारतीय खेमा एक और झटका बर्दाश्त नहीं कर सकता था और इसलिए छह सदस्यीय कुश्ती दल में शामिल दो वरिष्ठ भारतीय कोच जगमंदर सिंह और वीरेंद्र दहिया ने अगली सुबह वजन मापने के लिए घड़ी में 10 घंटे शेष रहते हुए एक मिशन हाथ में लिया।

प्रक्रिया की शुरुआत डेढ़ घंटे के मैट सेशन से हुई, जिसके दौरान दो वरिष्ठ कोचों ने उन्हें खड़े होकर कुश्ती करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद एक घंटे का हॉट-बाथ सेशन हुआ। आधी रात के 30 मिनट बाद, वह ट्रेडमिल पर एक घंटे तक बिना रुके दौड़ने के लिए जिम गए। फिर उन्हें 30 मिनट का ब्रेक दिया गया, जिसके बाद 5 मिनट के सौना बाथ के पांच सेशन हुए। अंतिम सत्र के अंत में, सहरावत ने 3.6 किलो वजन कम किया। फिर उन्हें मालिश दी गई, उसके बाद हल्की जॉगिंग और 15 मिनट की दौड़ का सत्र कराया गया। सुबह 4:30 बजे तक, उनका वजन 56.9 किलो रह गया, जो स्वीकार्य सीमा से 100 ग्राम कम था, जिससे कोच ने राहत की सांस ली।

वजन घटाने के इस सत्र के बीच में, सहरावत को, जो इसके बाद सोये नहीं, नींबू और शहद के साथ गुनगुना पानी और थोड़ी कॉफी पीने को दी गई। कोच दहिया ने कहा, "मैंने पूरी रात कुश्ती मुकाबलों के वीडियो देखे। हम हर घंटे उसका वजन जांचते रहे। हम पूरी रात नहीं सोए, दिन में भी नहीं।" वजन कम करना हमारे लिए सामान्य बात है, लेकिन पिछले दिन (विनेश के साथ) जो हुआ, उसके कारण तनाव था, बहुत तनाव था। हम एक और पदक हाथ से जाने नहीं दे सकते थे।"

### पीएम मोदी ने अमन को पदक जीतने पर बधाई दी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पहलवान अमन सहरावत को कांस्य पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मोदी ने आज टेलीफोन पर अमन से बात की और पेरिस ओलंपिक खेलों में पदक जीतने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि आपको पदक जीतने पर बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं। आपने अपने नाम के अनुरुप देशवासियों का मनभर दिया है। आपका जीवन देशवासियों के लिए प्रेरक है जिन्होंने कई कठिनाईयों के बाद संघर्ष करते हुए यह पदक जीता और अपने देश का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि आपने छोटी उम्र में पदक जीतकर देशवासियों को खुशियों से भर दिया है। मोदी ने कहा कि आप जैसे बहुत कम खिलाड़ी होते है जो अखाड़े को ही अपना घर बना लेते है एवं कड़ी मेहनत कर देशवासियों को खुशी देते है। अमन ने मोदी को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि वह 2028 ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा प्रयास करेंगे।



## भारतीय हॉकी टीम का दिल्ली हवाई अड्डे पर किया भव्य स्वागत

### भारत जिंदाबाद के नारे लगे, ढोल-नगाड़ों के साथ नाचे खिलाड़ी

नयी दिल्ली, 10 अगस्त। भारतीय हॉकी टीम का पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतकर शनिवार को स्वदेश लौटने पर दिल्ली हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत किया गया। हवाई अड्डे पर भारतीय खिलाड़ियों का ढोल-नगाड़ों के साथ उनके प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया, खिलाड़ियों के इंतजार में हॉकी प्रशंसक सुबह से ही हवाई अड्डे के बाहर जमा हो गए थे। हॉकी खिलाड़ी हवाई अड्डे से जैसे ही बाहर निकले तो हजारों हॉकी प्रशंसक उनकी झलक पाने के लिए पलकें बिछाए उनके इंतजार में खड़े थे।

हॉकी टीम के बाहर आते ही भारत जिंदाबाद और सरपंच साहब (कप्तान हरमनप्रीत सिंह) के नारे लगा रहे थे। इसे देखकर कप्तान और टीम के सभी साथी भी काफी खुश नजर आ रहे थे। खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने पेरिस ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतकर स्वदेश लौटी हॉकी टीम के खिलाड़ियों से भेंट की और उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी। डॉ. मांडविया ने सभी खिलाड़ियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

डॉ मांडविया ने खिलाड़ियों से कहा कि ओलंपिक खेलों में 52 साल बाद लगातार दूसरी बार पदक जीत कर आपने देश का नाम रोशन किया है, पूरे देश को आप सभी पर गर्व है। टीम के सदस्य हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए अपने कांस्य पदकों के साथ नेशनल स्टेडियम पहुंचे और हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश के समापन समारोह में ध्वजवाहक चुने जाने पर बात की।

उन्होंने कहा, पीआर श्रीजेश इसके हकदार है (ओलंपिक के समापन समारोह में ध्वजवाहक बनने के लिए)। अगर भारत सरकार और भारतीय ओलंपिक समिति ने उन्हें यह अवसर दिया है तो हॉकी इंडिया उनका शुक्रिया अदा करता है... यह एक शानदार जीत थी, लगातार दो पदक जीतना एक बड़ी उपलब्धि है। लेकिन, हमारा लक्ष्य फाइनल खेलना था लेकिन रेफरी की गलती से डिफेंडर अमित रोहिदास को बाहर बैठाने की वजह से हमें हार का सामना करना पड़ा।

## एशिया में ही होगा महिला विश्वकप, बीसीबी करेगा बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से बात

दुबई, 10 अगस्त। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को कहा है कि एशिया में ही महिला टी-20 विश्वकप खेला जायेगा और टूर्नामेंट की तिथि समान रहेगी। इसको लेकर बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड बंगलादेश की अंतरिम सरकार से बात करेगा। आईसीसी ने आज टी-20 महिला विश्वकप में भाग लेने वाले सभी देशों के बोर्ड को प्रेषित किये गये मेल में कहा, आईसीसी बंगलादेश की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और बीसीबी के साथ मिलकर काम कर रहा है। अगर उस समय तक बंगलादेश में टूर्नामेंट कराना संभव नहीं हुआ तो आईसीसी बोर्ड के संपर्क में आकर पूछेगा कि इसको कहां कराया जा सकता है। आईसीसी ने साथ ही कहा कि टूर्नामेंट की तिथि समान रहेंगी। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) रविवार को आगामी महिला टी-20 विश्वकप को लेकर बंगलादेश की अंतरिम सरकार में युवा और खेल सलाहकार आसफि महमूद से मिलेगा। अक्तूबर में महिला टी-20 विश्वकप में होना है।

## भारत एडिलेड टेस्ट से पहले डे-नाइट अभ्यास मैच खेलेगा

नयी दिल्ली, 10 अगस्त।भारत एडिलेड में होने वाले दिन-रात्रि टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया की प्रधानमंत्री एकादश टीम के साथ कैनबरा में दो दिवसीय पिंक बॉल अभ्यास मैच खेलेगा। यह मैच का आयोजन 30 नवंबर से एक दिसंबर तक होगा। पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच में अंतराल के दौरान यह मैच कराये जाने की योजना है। इससे पहले के दो सत्र में भी दो बार प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ अभ्यान मैचों का आयोजन हुआ था।

वेस्टइंडीज ने वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री एकादश के खिलाफ एक दिन-रात्रि अभ्यास मैच खेला था और इसके बाद पाकिस्तान ने भी वर्ष 2023 में अभ्यास मैच खेला था। भारत ने कुल मिलाकर केवल चार दिन-रात्रि टेस्ट खेले हैं, जिनमें सबसे हालिया 2022 में बेंगलुरु में श्रीलंका के खिलाफ था। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 12 (सभी घरेलू मैदान पर) पिंक बॉल टेस्ट खेले हैं। पिछले सत्र में ब्रिस्बेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ उन्हें पिंक बॉल टेस्ट में आठ रनों से हार का सामना करना पड़ा था। यह उनकी पहली हार थी। भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू टेस्ट श्रृंखला के बाद ऑस्ट्रेलिया पहुंचेगी।

## सरपंच ने सबसे ज्यादा 8 मैचों में 10 गोल किये



पेरिस, 10 अगस्त। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पेरिस ओलंपिक 2024 खेलों की हॉकी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले कप्तान हरमनप्रीत सिंह गोल स्कोरिंग सूची में शीर्ष स्थान पर रहे। हरमनप्रीत सिंह ने पेरिस 2024 पुरुष हॉकी प्रतियोगिता में आठ मैचों में सबसे ज्यादा 10 गोल किए। इसके बाद ऑस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स ने सात गोल किए।

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने कोलंबस के यवेस-डू-मानोइर स्टेडियम में स्पेन को 2-1 से हराकर ओलंपिक में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक जीता। इस मुकाबले में भी हरमनप्रीत ने दो गोल किए और भारत की जीत सुनिश्चित की। मैच जीतने के बाद भारतीय हॉकी टीम के कप्तान ने कहा, मेरे लिए कड़ी मेहनत करने, पेनल्टी कॉर्नर बनाने और सभी फॉरवर्ड लाइन के लिए सारा श्रेय मेरी टीम को जाता है। मुझे इस पर बहुत गर्व है। बेशक, मुझे कप्तान के रूप में खुद पर भी गर्व है, लेकिन टीम हमेशा पहले आती है।

हरमनप्रीत सिंह ने स्पेन के खिलाफ पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दो गोल किए और टूर्नामेंट में अपने पेनल्टी कॉर्नर के स्कोर को सात तक पहुंचाया। जबकि तीन गोल पेनल्टी स्ट्रोक से आए। विश्व की चौथे नंबर की टीम बेल्जियम के साथ ग्रुप-चरण के मुकाबले के अलावा हरमनप्रीत ने पेरिस 2024 में आठ बार के ओलंपिक चैंपियन के लिए हर मैच में गोल किया। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान के पहले मैच में भारत के लिए अंतिम मिनट से ठीक पहले एक गोल करके अपना खाता खोला।उन्होंने आयरलैंड पर 2-0 की जीत में दो गोल किए लेकिन टोक्यो ओलंपिक 2020 की स्वर्ण पदक विजेता बेल्जियम टीम के खिलाफ भारत की 1-2 की हार में गोल नहीं कर सके।

## हॉकी इंडिया कांस्य पदक जीतने वाली टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को देगी 15 लाख

नयी दिल्ली, 10 अगस्त। हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15-15 लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ के हर सदस्य को 7.5 लाख रुपये के पुरस्कार देने की घोषणा की है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, यह जीत हमारे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन का प्रमाण है। लगातार दो ओलंपिक पदक जीतना एक असाधारण उपलब्धि है जो विश्व मंच पर भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान को दर्शाता है। हॉकी इंडिया की ओर से मैं पूरी टीम और सहयोगी स्टाफ को उनके असाधारण प्रदर्शन और समर्पण के लिए बधाई देता हूं। यह पुरस्कार राशि उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सराहना के तौर पर है। मैं पीआर श्रीजेश को उनके शानदार करियर और भारतीय हॉकी में उनके अमूल्य योगदान के लिए हार्दिक बधाई देना चाहता हूं। उनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पेरिस में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धि से एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है। टीम की एकता, कौशल और दृढ़ता ने देश भर के लाखों हॉकी प्रशंसकों को खुशी दी है।

## लोगों को यह भूलना नहीं चाहिये कि विनेश ने देश के लिए क्या किया है : नीरज चोपड़ा

### नीरज चोपड़ा ने किया विनेश फोगाट का समर्थन



पेरिस, 10 अगस्त। स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पहलवान विनेश फोगाट की खेल पंचाट (सीएएस) की गयी अपील को सफल रहने की उम्मीद जताते हुए कहा कि अगर यह फैसला उनके पक्ष में नहीं रहा तो भी लोगों यह भूलना नहीं चाहिये कि उन्होंने देश के लिए क्या किया है। विनेश को बुधवार को निर्धारित सीमा से 100 ग्राम अधिक होने के कारण पेरिस ओलंपिक के फाइनल के लिए अयोग्य ठहराकर बाहर दिया गया था। खेल पंचाट के तदर्थ प्रभाग में उनकी अपील की सुनवाई शुक्रवार रात को पूरी हो गयी है इस मामले में फैसला भारतीय समयानुसार आज रात 9.30 बजे तक आने की उम्मीद है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज पेरिस में रजत पदक जीतकर लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने वाले पहले ट्रैक एवं फील्ड के पहले भारतीय खिलाड़ी बन गये। उन्होंने कहा कि वह विनेश के गले में पदक सिर्फ एक कारण से देखना चाहते है क्योंकि इससे 'लोग उनकी उपलब्धि को भूलेंगे नहीं'। आईओसी सदस्य और रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी द्वारा अभिनंदन के बाद 26 वर्षीय नीरज ने 'इंडिया हाउस' में संवाददाताओं से कहा, "अगर उसे पदक मिलता है, तो यह बहुत अच्छा होगा। अगर चीजें उस तरह से नहीं हुई होती, तो उसके पास पदक होता। मुझे उम्मीद है कि उसे यह मिलेगा क्योंकि अगर यह आपके गले में नहीं है, तो आपको हमेशा इसकी निराशा रहती है।" उन्होंने कहा, "आज लोग कह सकते हैं कि वह हमारी चैंपियन है, लेकिन कुछ दिनों बाद वे भूल जाएंगे। अगर ऐसा न होता तो पदक कौन सा है यह ज्यादा मायने नहीं रखता है। इसलिए, मुझे उम्मीद है कि उन्हें पदक मिलेगा। उन्हें पदक मिले या नहीं, मैं चाहूंगा कि लोग यह नहीं भूले कि उन्होंने देश के लिए क्या किया है।


## किलिमंजारो पर्वत पर भारतीय पर्वतारोहियों ने फहराया तिरंगा

दार्जिलिंग, 10 अगस्त। हिमालय पर्वतारोहण संस्थान (दार्जिलिंग) के बैनर तले भारतीय पर्वतारोहियों ने स्वतंत्रता के 78 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में अफ्रीकी महाद्वीप के किलिमंजारो पर्वत पर में 7,800 वर्ग फुट भारतीय तिरंगा फहराकर एक नई उपलब्धि हासिल की।

माउंट किलिमंजारो पूर्वी अफ्रीका में तंजानिया के उत्तर-पूर्व में भूमध्य रेखा पर केन्याई सीमा के दक्षिण में किलिमंजारो राष्ट्रीय उद्यान में स्थित है। इसे अफ्रीका की छत के नाम से भी जाना जाता है। रक्षा मंत्रालय सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। रक्षा मंत्रालय के 'दिव्यांगजन अभियान' दल ने दिव्यांग उदय कुमार के साथ 19,341 फुट ऊंचे माउंट किलिमंजारो शिखर पर पहुंचकर 7800 वर्ग फुट का तिरंगा फहराने के बाद चोटी से संदेश भेजा -जयहिंद। दिव्यांगजन अभियान में ग्रुप कैप्टन जय किशन के नेतृत्व में कंचनजंगा राष्ट्रीय उद्यान से अफ्रीकी महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी किलिमंजारो तक के अभियानकर्ताओं ने चार अगस्त को दिव्यांग उदय कुमार सहित कैप्टन श्रुति, महेंद्र कुमार यादव, पावेल शर्मा, और मिस सुलक्षणा तमांग के साथ बेस कैंप के लिए चढ़ाई शुरू की थी। अभियान दल ने सात अगस्त को 15,500 फुट की ऊंचाई पर स्थित किबो हट पहुंचने पर 7,800 वर्ग फुट का विशाल भारतीय राष्ट्रीय ध्वज प्रदर्शित किया।

## आखिरी अंक गंवाने के कारण रीतिका को क्वार्टरफाइनल में मिली हार

### रीतिका के पास रेपेचेज से कांस्य पदक हासिल करने का अभी भी मौका है



पेरिस, 10 अगस्त। भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा को पेरिस ओलंपिक महिला कुश्ती के 76 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में किर्गिस्तान की एइपेरी मेतेट के खिलाफ बराबरी के बाद आखिरी अंक गंवाने के कारण हार का सामना करना पड़ा। अपना पहला ओलंपिक खेल रही 21 साल की रीतिका ने शीर्ष वरीयता प्राप्त पहलवान को कड़ी टक्कर दी और शुरुआती पीरियड में एक अंक की बढ़त बनाने में सफल रही।

दूसरे पीरियड में रीतिका ने कड़ी टक्कर देने के बावजूद 'पैसिविटी (अति रक्षात्मक रवैया) ' के कारण एक अंक गंवाया जो इस मैच का आखिरी अंक साबित हुआ। नियमों के अनुसार मुकाबला बराबर रहने पर आखिरी अंक बनाने वाले खिलाड़ी को विजेता घोषित किया जाता है। किर्गिस्तान की पहलवान अगर फाइनल में पहुंचती है तो रीतिका के पास रेपेचेज से कांस्य पदक हासिल करने का मौका होगा। इस भारवर्ग में ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली देश की पहली पहलवान रीतिका ने इससे पहले तकनीकी श्रेष्ठता से जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने देश को किया गौरवान्वित : मांडविया

नयी दिल्ली, 10 अगस्त। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने शनिवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक मंच पर उनके असाधारण प्रदर्शन ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। डॉ. मांडविया ने आज पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर लौटी भारतीय पुरुष हॉकी टीम को सम्मानित करते हुए कहा, पूरे देश को आपकी उपलब्धि पर गर्व है। टीम वर्क और अदम्य भावना का प्रमाण है। आपने भारत को अपार गौरव दिलाया है और लाखों युवा एथलीटों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित किया है। उन्होंने टीम की सफलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करते हुए कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट टीम के अनथक प्रयासों की भी सराहना की।

## विनेश फोगाट के रजत पदक पर फैसला टला, सीएएस कोर्ट आज फैसला सुनाएगा

### 100 ग्राम ओवरवेट की वजह से अयोग्य घोषित हुई थी



पेरिस, 10 अगस्त। भारतीय रेसलर विनेश फोगाट के सिल्वर मेडल पर फैसला अब 11 अगस्त को आएगा। यह जानकारी कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स (सीएएस) ने दी है। पहले कहा जा रहा था कि भारतीय समयानुसार 9:30 बजे अपना फैसला सुनाएगा, लेकिन कोर्ट ने इसकी समय सीमा बढ़ा दी है। शुरुआती जानकारी में 13 अगस्त को फैसला सुनाने की बात सामने आई थी।

9 अगस्त को ने 3 घंटे तक इस मामले की सुनवाई की थी। इस दौरान विनेश भी वर्चुअली मौजूद रहीं। भारतीय ओलिंपिक संघ (आईओए) की ओर से सीनियर वकील हरीश साल्वे ने विनेश का पक्ष रखा।

फाइनल मैच से पहले विनेश को 100 ग्राम ज्यादा वजन होने के चलते अयोग्य घोषित कर दिया गया था, जबकि शुरुआती दौर से पहले किए गए वजन में विनेश 50 वेट कैटेगरी की तय सीमा से कम थीं। ऐसे में विनेश ने जॉइंट सिल्वर मेडल की मांग की है।

इस मामले पर कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट्स ( सीएएस) ने कहा, हम विनेश के केस में प्रक्रियाएं तेजी से कर रहे हैं, लेकिन उनकी अपील पर एक घंटे में फैसला देना संभव नहीं है। इस मामले में पहले यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग का पक्ष सुना जाना जरूरी है। फैसला डॉक्टर एनाबेल बेनेट को करना है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को सिकराय विधानसभा क्षेत्र की मेधावी छात्राओं से मुलाकात की। इस मीटिंग में सिकराय विधायक विक्रम बंशीवाल भी मौजूद थे। विधायक बंशीवाल इन मेधावी छात्राओं को अपने साथ अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने छात्राओं को आशीर्वाद दिया।*

# मुख्यमंत्री ने सिकराय की छात्राओं से मुलाकात की

- **भजनलाल ने छात्राओं के अनुरोध पर तिरंगें के साथ सैल्फी ली।**
- **सिकराय के भाजपा विधायक विक्रम बंशीवाल इन छात्राओं को हवाई जहाज से अयोध्या ले जा रहे हैं, मुख्यमंत्री ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।**

जयपुर, 10 अगस्त (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिकराय विधानसभा क्षेत्र के विधायक विक्रम बंशीवाल एवं मेधावी छात्राओं ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने विधायक बंशीवाल की पहल पर हवाई मार्ग से अयोध्या दर्शन के लिए जा रही मेधावी छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि अयोध्या दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र बन चुका है, जो कि हमारे देश के गौरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि रोम-रोम में बसने वाले प्रभु श्रीराम हम सभी की जीवन पद्धित के आदर्श हैं। शर्मा ने कहा कि बच्चों में सांस्कृतिक केन्द्रों को लेकर अभिलाषा बनी रहती है। इस यात्रा से धार्मिक दर्शन के साथ ही भारत की समृद्ध संस्कृति एवं विरासत के साक्षी बनने का अनुभव प्राप्त होगा और जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस दौरान छात्राओं को यात्रा के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्राओं के अनुरोध पर तिरंगे के साथ सेल्फी भी खिंचवाई।

मुख्यमंत्री ने विधायक विक्रम बंशीवाल की बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में की गई पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह पहल भावी छात्र-छात्राओं की हौसला अफजाई का काम करेगी। उल्लेखनीय है कि विधायक बंशीवाल की अनूठी पहल पर बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली सिकराय विधानसभा क्षेत्र की मेधावी छात्राओं को हवाई यात्रा के माध्यम से अयोध्या दर्शन करवाए जाएंगे। इस अवसर पर विधायक विक्रम बंशीवाल के परिजन, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# 'एक स्वतंत्र मजबूत न्याय प्रणाली शासन के लिए आवश्यक है यह जीवन की जीवन रेखा है'

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने बार काउन्सिल ऑफ राजस्थारन के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए न्याय प्रणाली को देश का मजबूत स्तम्भ बताया

- **जोधपुर में आयोजित प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश ए.जी. मसीह, न्यायाधीश संदीप मेहता, राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव, विधि मंत्री और बार काउन्सिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी मौजूद थे।**

जोधपुर, 10 अगस्त (कासं)। बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान का प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम शनिवार को जोधपुर में मनाया गया। इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिकरत की। धनखड़ के साथ ही सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश ए.जी. मसीह, न्यायाधीश संदीप मेहता, राजस्थान हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव, विधि मंत्री जोगाराम पटेल, बार काउन्सिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष मनन कुमार मिश्रा व बार काउन्सिल ऑफ राजस्थान के चेयरमैन भुवनेश शर्मा सहित कई पूर्व न्यायाधीश व अधिवक्ता शामिल हुए। सबसे पहले अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सभी को प्लैटिनम जुबली की बधाई दी। उन्होंने न्याय प्रणाली को देश का मजबूत स्तम्भ बताया। उन्होंने कहा कि न्याय व्यवस्था ने ही भारत के नागरिकों के मौलिक कर्तव्यों को बरकरार रखा हुआ है।

उपराष्ट्रपति ने आगाह किया कि कुछ राष्ट्रिवरोधी लोग साजिशन नैरेटिव चला रहे हैं कि भारत में भी पड़ोसी देश जैसा घटनाक्रम दोहराया जायेगा। ये लोग जिम्मेदारी वाले पदों पर रहे हैं, फिर भी ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान कैसे दे सकते हैं। ऐसी राष्ट्र विरोधी ताकतें देश तोड़ने को तत्पर हैं, राष्ट्र के विकास को पटरी से उतारना चाहती हैं। हमें इनसे सावधान रहने की जरूरत है।

आपातकाल की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब आपातकाल लगाया था, तो सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि जब तक आपातकाल जारी रहेगा, तब तक कोई भी व्यक्ति अपने अधिकारों के लिए किसी भी न्यायालय में नहीं जा सकता और आपातकाल तब तक जारी रह सकता है, जब तक सरकार चाहे। उन्होंने कहा कि यदि उच्चतम स्तर पर न्यायपालिका ने झुककर किसी व्यक्ति की तानाशाही के आगे घुटने नहीं टेके होते, तो आपातकाल नहीं लगता।

उपराष्ट्रपति ने कहा किसी राष्ट्र की न्यायिक प्रणाली और उसकी कार्यक्षमता उसकी लोकतांत्रिक जीवंतता को परिभाषित करती है। एक स्वतंत्र मजबूत न्याय प्रणाली किसी भी शासन के लिए आवश्यक है क्योंकि यह जीवन की भी जीवन रेखा है।

उपराष्ट्रपति ने कहा मैं इन संस्थाओं का उल्लेख हमारे लोकतंत्र के तीन स्तंभों के रूप में कर रहा हूँ। यदि इन संस्थाओं को निर्बल किया गया, तो ये हमारी लोकतंत्र को खतरे में डाल देंगी और हमारे विकास के मार्ग को पटरी से उतार देंगी।

उन्होंने कहा ये राष्ट्र विरोधी ताकतें हमारे संस्थानों का शोषण करके ऐसी कथाएं फैलाती हैं जो न केवल राष्ट्रिवरोधी हैं, बल्कि राष्ट्र के लोकतंत्र को पटरी से उतारने का लक्ष्य रखती हैं।

उपराष्ट्रपति ने कहा, हमारे संविधान में सभी संस्थाओं की भूमिका को अच्छी तरह से वर्णित किया गया है। विधायिका की भूमिका क्या है, यह सभी जानते हैं। न्यायपालिका की भूमिका क्या है? कार्यपालिका की भूमिका क्या है, यह हम सभी जानते हैं?

## टी.वी. सोमनाथन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

संभालेंगे। सोमनाथन झारखंड कैडर के 1982 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी और मौजूदा कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की जगह लेंगे।

सर्कुलर के अनुसार, कैबिनेट सचिव का पद ग्रहण करने से पहले सोमनाथन कैबिनेट सचिवालय में विशेष कार्य अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। उनका कार्यकाल 30 अगस्त से शुरू होगा और वह अगले दो सालों तक इस पद पर बने रहेंगे।

कैबिनेट सचिव भारत सरकार की कार्यपालिका में सबसे उच्च पद होता है। कैबिनेट सचिव के रूप में नियुक्त अधिकारी, भारत सरकार के सचिवों की समिति का प्रमुख होता है। यह पद भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठतम अधिकारियों में से एक को दिया जाता है, जो सीधे प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल को प्रशासनिक सलाह देने के लिए जिम्मेदार होता है।

कैबिनेट सचिव का कार्यकाल आमतौर पर दो साल का होता है लेकिन इसे सरकार के विवेकानुसार बढ़ाया भी जा सकता है।

इस पद पर बैठे व्यक्ति को प्रशासनिक कार्यों में व्यापक अनुभव और नेतृत्व क्षमता की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह भूमिका सरकार की नीतियों के कार्यान्वयन, विभिन्न मंत्रालयों के बीच समन्वय, और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल ने मेड़ता सिटी को दी बड़ी सौगात

## पादू कला व जसनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनाने की घोषणा

- **मेड़ता के विधायक लक्ष्मण कलरु ने मेड़ता की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री का जताया आभार।**
- **मुख्यमंत्री खुद मेड़ता सिटी जाने वाले थे पर खराब मौसम के कारण नहीं जा पाए, इसलिए वर्चुअली आमसभा को संबोधित किया।**

मेड़ता सिटी, 10 अगस्त (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मेड़ता सिटी दौरा आज बारिश के कारण रद्द हो गया। इसके बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से आम सभा को संबोधित किया।

सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनों को मीरा जयंती महोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेड़ता की धरती शक्ति की धरती है। उन्होंने कहा, भक्त शिरोमणि मीराबाई के मंदिर में दर्शन की उनकी परम इच्छा थी लेकिन मौसम की खराबी के कारण उनका कार्यक्रम रद्द हो गया।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर मेड़ता की जनता को दो बड़ी सौगातें दीं। उन्होंने पादू कला व जसनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बनाने की घोषणा की। साथ ही, मेड़ता विधायक लक्ष्मण कलरू ने मेड़ता को मिली दो बड़ी सौगातों को लेकर खास बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय से पादू कला व जसनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को क्रमोन्नत करने की मांग की जा रही थी, जिसे आज मुख्यमंत्री ने पूरा कर मेड़ता की जनता का दिल जीत लिया है।

सभा में किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, विधायक लक्ष्मण राम कलरू, नागौर के प्रभारी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, रिछपाल मिर्धा, मंत्री विजेन्द्र सिंह, मंत्री मंजू बागमार, अजय सिंह किलक, ज्योति मिर्धा, जनता प्रधान संदीप चौधरी, वीरम देव जैसास, जिला प्रमुख शोभाराम जयपाल, राम अवतार चितलांगिया, जितेन्द्र गहलोत मौजूद थे।

मेड़ता मीरा जयंती महोत्सव का झण्ड़ारोहण के साथ शुभारंभ किया गया। पारम्परिक रूप से राजपूत समाज ने विशाल रैली के रूप में जुलूस निकाला, जो चारभुजा मंदिर पहुंचा, वहाँ पूजा अर्चना कर झण्डारोहण के साथ 520 वें मीरा जयंती महोत्सव का शुभारम्भ हुआ।

मेड़ता तहसीलदार रामसुख गुर्जर, मुख्य यजमान लक्षण राम घांची द्वारा ठाकुर जी की विशेष पूजा अर्चना की गई। महोत्सव में मीरा जयंती समिति के पदाधिकारी नरेन्द्र लाहोटी, पुखराज कमेडिया, रामेश्वर थिरोदा, रामेश्वर घांची, सी पी पुजारी सहित कई कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सहित, कई नेताओं का आभार जताया।

## 'शेख हसीना ने अभी तक प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया है'

वॉशिंगटन, 10 अगस्त। शेख हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने दावा किया है कि बांग्लादेश छोड़ने से पहले उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया था। इस लिहाज से आधिकारिक रूप से वह अब भी प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि हालात इतने खराब हो गए थे कि उन्हें इस्तीफा देने का वक्त ही नहीं मिला और भारत आना पड़ गया। एएफपी ने 5 अगस्त को रिपोर्ट किया था कि शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है और वहां से भाग निकली हैं।

वाजेद ने कहा कि संविधान के मुताबिक सेख हसीना अब भी प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा, मां ने सार्वजनिक बयान जारी करने और फिर इस्तीफा देने का प्लान बनाया था।

# अनंतनाग में सुरक्षाबलों की आतंकियों के साथ मुठभेड़, 2 जवान शहीद व तीन घायल

- **सुरक्षाबलों ने आतंकियों के छुपे होने की सूचना मिलने पर सर्च ऑपरेशन चलाया तभी आतंकियों की तरफ से गोलीबारी शुरु हो गई।**

श्रीनगर, 10 अगस्त। जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में दो जवान शहीद हो गए हैं जबकि तीन अन्य घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद दक्षिण कश्मीर जिले के कोकेरनाग इलाके के अहलान गडोले में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा तलाशी दल पर गोलीबारी करने पर सुरक्षा बलों ने जवाब में गोलीबारी की, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

शनिवार दोपहर को मिली जानकारी के अनुसार, कोकरनाग इलाके के अहलान गडोले क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। जैसे ही सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी की वहां छिपे हुए आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। जिससे दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ छिड़ गई। शुरुआती गोलीबारी में एक जवान घायल हो गया, जिसे तुरंत 92 बेस सेना अस्पताल ले जाया गया। इसके कुछ समय बाद एक और जवान के घायल होने की खबर आई और फिर दुखद रूप से दो जवान शहीद हो गए।

माना जा रहा है कि आतंकियों का यह समूह भारी हथियारों से लैस है और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़ा हुआ है। रिपोट्र्स के अनुसार, ये आतंकी डोडा से दक्षिण कश्मीर के वन क्षेत्रों में घुसपैठ करने में सफल हुए थे। घना जंगल और ऊबड़-खाबड़ इलाका होने के कारण आतंकियों के भागने की संभावना बढ़ गई है।

# गत वर्ष जारी हिंडनबर्ग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

- **हिंडनबर्ग के धमाकों के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अडानी ग्रुप के शेयर घोटाले की जांच करवाने से इन्कार कर दिया था, यह कह कर कि सेबी इस मामले की जांच पहले ही कर रही है।**
- **सेबी व अडानी ग्रुप के वकील महेश जेठमलानी ने हिंडनबर्ग पर मानहानि का मुकदमा ठोका था।**
- **अतः क्या नवीन हिंडनबर्ग रिपोर्ट, पुनः अडानी ग्रुप को टारगैट बनायेगी, पुराने वैमनस्य के कारण।**

(सिक्युरिटीज़ एण्ड एक्सचैंज बोर्ड ऑफ इंडिया) से सांठ-गांठ है। रिपोर्ट में आरोप था कि यह समूह टैक्स हैवन्स का अवैध इस्तेमाल करता है और शेयरों की कीमतों में जोड़-तोड़ करता है। इस वर्ष जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में अडानी के खिलाफ लगाए गए आरोपों की जांच करने से मना कर दिया और कहा कि मार्केट रैगुलेटर सेबी इस मामले में जांच कर रही है।

अडानी समूह ने तब आरोपों से इन्कार कर दिया था और ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी ने कहा कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट ग्रुप को बदनाम करने, कंपनी को नष्ट करने और कड़ी मेहनत से कमाई गई मार्केट वैल्यु को गिराने की सोची समझी साजिश है। भाजपा नेता और एडवोकेट महेश जेठमलानी ने कहा, बाद में दावा किया कि हिंडनबर्ग की अडानी संबंधी रिपोर्ट अमेरिकन बिजनैसमैन, जिसका चीन से कनैक्शन है, द्वारा गढ़ी गई थी जेठमलानी ने इसके लिए किंगडन कैपिटल मैनेजमैंट एल.एल.सी. के मार्क किंगडन का नाम लिया था।

जून में हिंडनबर्ग रिसर्च को सेबी द्वारा शो कॉज नोटिस भी भेजा गया था। जिसमें भारतीय विनियमों के संदिग्ध उल्लंघन का आरोप था। शॉट सैलर ने नोटिस को बकवास करार दिया और कहा कि इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ उठाने वालों को डराना, धमकाना व चुप कराना है। पर, इससे भारत के सबसे पावरपुल व्यक्ति द्वारा की गई धोखाधड़ी छुप नहीं सकती है। यू.एस. एजेन्सी ने आरोप लगाया कि भारत में कॉर्पोरेट गवर्नेंस एक बिजनैसमैन के लिए झूठ है। वो सब खरीद सकता है। हिंडनबर्ग ने नई रिपोर्ट लाने का इरादा जताया। ऐसा लगता है कि अडानी-हिंडनबर्ग की कहानी अभी खत्म नहीं हुई है।

## गडकरी ने पंजाब को 8 हाइवे प्रोजैक्ट बंद करने की चेतावनी दी

नई दिल्ली, 10 अगस्त। केंद्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पत्र लिखकर पंजाब के मुख्यमंत्री को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि राज्य में कानून व्यवस्था ठीक नहीं है। अगर इसे सुधारा नहीं जाता है तो एन.एच.ए.आई. आठ हाइवे प्रोजेक्ट रद्द कर देगा। दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे पर हो रहीं हिंसक घटनाओं को देखते हुए केंद्रीय मंत्री ने यह चेतावनी भरा पत्र लिखा है। बता दें कि इन आठ प्रोजेक्ट की कुल लागत 14288 करोड़ है।

बता दें कि दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे के निर्माण के दौरान कई जगहों पर काम रोकने के लिए हिंसक घटनाएं देखने को मिलीं। यह एक्सप्रेसवे राजधानी दिल्ली से माता वैष्णोदेवी कटरा तक बनाया जा रहा है। वहीं इसका एक हिस्सा अमृतसर तक भी जोड़ा जाना है।

# 1940 के दशक से 1960 तक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उदार नीति अपनाई गई। महत्वपूर्ण यह था कि टेलीकम्युनिकेशन्स इण्डस्ट्री सहित प्राइवेट सैक्टर के कुछ महत्वपूर्ण अवयवों को ओपन कर दिया गया। टेलीकॉम इण्डस्ट्री के उदारीकरण और कीमत कुशलता के कारण इस सैक्टर में नए उद्यमियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा हुई जिससे इन्फॉर्मेशन टैक्नोलॉजी इण्डस्ट्री के अभ्युदय का मार्ग प्रशस्त हुआ। वर्ष 1991-92 के आर्थिक संकट के बाद अर्थव्यवस्था का उदारीकरण किया गया, जिससे नियामक संरचना में व्यापक बदलाव आए। इससे भारतीय उद्योग जगत में भारतीय एवं विदेशी, दोनों ही नए उद्यमियों को लाने में मदद मिली।

प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के नए नियम ऑटोमोबाइल सैक्टर में भारी बदलाव लेकर आए। देश में दो पुराने प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों के स्वामित्व वाली पुरानी ऑटोमोबाइल कम्पनियां नवीन तकनीकी और नए खिलाड़ियों के प्रवाह में गायब हो गईं।

दूसरा, डिपार्टमैन्ट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन्स जो देश में अब तक दूरभाष एवं संचार इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध करवा रहा था, गुमनामी के अंधेरे में खो गया। उसका स्थान प्राइवेट सैक्टर के नए सर्विस प्रोवाइडर्स ने ले लिया। कीमतें गिर गईं, जिससे आई.टी. इण्डस्ट्री परवान चढ़ सकी।

आज, यदि हम अग्रणी औद्योगिक घरानों की तुलना 1950 के दशक के औद्योगिक घरानों से करें तो हम उनमें थोड़ी समानता पाएंगे। पचास के दशक के अधिकांश औद्योगिक घराने अब गायब हो चुके हैं और उनका स्थान टैक्नो उद्यमियों की नई फसल ने ले लिया है, यद्यपि "टाटा" जैसे कुछ अपवाद भी हैं। मध्यम आय वर्ग के देशों के समक्ष आर्थिक वृद्धि, डिकार्बोनाइजेशन और ऊर्जा सुरक्षा जैसी महत्वपूर्ण जरूरतें हैं। इसके समाधान में सभी फर्म्स को वहन योग्य एवं सुरक्षित ऊर्जा उपलब्ध करवाने के साथ ही आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था में से खराबियों को अलग करना होगा।

भारतीय अर्थव्यवस्था का भविष्य पुनर्निमाण की प्रक्रिया तथा अकुशल चीज़ों को अलग करने पर निर्भर होगा। हम इसे अबाधित तरीके से कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं? इसका उत्तर सरकार की इस नीति पर निर्भर होगा कि वह वर्तमान आर्थिक संरचना को बनाए रखने को लेकर अधिक हस्तक्षेप ना करें और रोजगार संरक्षण के नाम पर अकुशल खिलाड़ियों का पक्ष ना ले। क्यों नहीं नए उद्यमियों के माध्यम से रोजगार सृजन किया जाए।

## पूर्व विदेश मंत्री नटवर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लंबे समय से बीमार चल रहे थे। नटवर सिंह का गुरूग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्हें गत 31 जुलाई को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर नटवर सिंह के निधन की पुष्टी की। उन्होंने लिखा कि पूर्व विदेश मंत्री नटवर सिंह के निधन का समाचार दुखद है। ईश्वर उनके परिजनों को यह क्षति सहने की शक्ति दे और दिवंगत आत्मा को सदगति प्रदान करें।

गौरतलब है कि कुंवर नटवर सिंह का जन्म 16 मई 1929 को राजस्थान के भरतपुर जिले में हुआ था। वो 2004 से लेकर 2005 के बीच यू.पी.ए. सरकार मे विदेश मंत्री भी रहे। नटवर सिंह एक भारतीय राजनायिक और राजनीतिज्ञ थे।

# आर्थिक संकट में घिरे तेलंगाना...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

यात्रा पर अपने साथ ले जाना उचित समझा, की आत्महत्या की खबर उसी दिन आई, जिस दिन अखबारों में यह समाचार प्रकाशित हुआ था कि देश के सबसे बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान ने अपने 42,000 कर्मचारियों की छँटनी कर दी है। बिज़नेस मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, भारत की बहुत-सी बड़ी एवं प्रतिष्ठित कम्पनियों ने चुपचाप छँटनी कर दी है। उन्होंने या तो कर्मचारियों को निकाल दिया है या नई भर्तियों की संख्या बहुत ज्यादा कम कर दी है। बताया जा रहा है कि कई प्रतिष्ठित आई.टी. कम्पनियाँ तथा आई.टी.ई.एस. फर्में भी स्टाफ की छँटनी कर रही हैं तथा इस स्थिति के पीछे दो कारण माने जा रहे हैं।

लेबर एक्सपर्ट्स इसका एक कारण तो यह बता रहे हैं कि आर्टीफिशियल इन्टैलिजैन्स (ए.आई.), ज्यादा क्षमता वाली मशीनों तथा स्वचालित मशीनों के आ जाने के फलस्वरूप स्टाफ की आवश्यकता में कटौती हो रही है। वे यह जानना चाहते हैं कि क्या पूरे देश में फैली हुई बेरोजगारी या रोजगारों की कमी, देश को पीड़ित कर रही बड़ी आर्थिक दुर्भावना का संकेत है। स्टॉक मार्केट जिसके सूचकांक (इन्डेक्स) को सरकार तथा कॉर्पोरेट अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य का संकेत मानते हैं, में उछाल के बावजूद भारी बेरोजगारी आना इस बात का संकेत है कि बड़ी अर्थव्यवस्था की कमियां देश की जनता को प्रभावित कर रही हैं। ऐसा लगता है कि नौकरियों की कमी सभी सेक्टरों में हो रही है।

हैदराबाद के लेबर एक्सपर्ट भारत भूषण ने दु:ख व्यक्त करते हुए कहा कि योगी जैसे युवा एवं मध्यम आयु-वर्ग के लोग "इस समय इससे पहली पीढ़ी की तुलना में, ज्यादा मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। पहले आम तौर से नौकरी, चाहे वह निजी क्षेत्र में थी, अर्धसरकारी क्षेत्र में थी, या सरकारी क्षेत्र में थी, ज्यादा सुरक्षित थी। उन्होंने कहा कि आज सरकारी क्षेत्र भी अपना काम बाहर से करा रहे हैं तथा कर्मचारियों की संख्या कम कर रहे हैं। यह भी रोजगार के मोर्चे पर दबाव बढ़ने का एक कारण है तथा रोजगार की स्थिति एक ऐसी दिशा की ओर जा रही है, जिसे कोई नहीं चाहता।

वारंगल के इस पत्रकार का मामला बहुत हृदय-विदारक है क्योंकि उसके परिवार-उसकी पत्नी तथा बहिन तथा मीडिया के साथियों को उसका अंतिम संस्कार करने में बहुत मुश्किल आई क्योंकि किराये के आवास के मालिक ने शव को घर पर नहीं लाने दिया। बाद में, पिता और पुत्री के शव उनके पैतृक गाँव ले जाये गये, जहाँ उनका अन्तिम संस्कार हुआ। ज्ञातव्य है कि गाँव में भी योगी के पास कोई सम्पत्ति नहीं है। योगी द्वारा इतना विकराल कदम उठाये जाने का कारण आर्थिक संकट ही बताया जा रहा है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है तथा जाँच-पड़ताल की जा रही है।

योगी रेड्डी के प्रोफेशनल साथी उसे एक ऐसे पूर्ण प्रोफेशनल के रूप में याद कर रहे हैं, जिसकी साँस-साँस तथा रग-रग में पत्रकारिता बसती थी। उनके अनुसार, वह बड़े पदों पर आसीन लोगों से सवाल पूछने तथा कमजोर व शोषितों का समर्थन करने का अपना परम कर्तव्य मानने में विश्वास करता था। उसे एक ऐसा ईमानदार पत्रकार बताया जा रहा है, जो अपनी गृहस्थी चलाने के आर्थिक दबाव से संघर्ष कर रहा था।

## 1389 अग्निवीर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

दी और उनसे कर्तव्य , सम्मान और साहस के मूल्यों पर चलते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान का आव्हान किया। उन्होंने उनसे प्रशिक्षण के अगले चरणों पर ध्यान केंद्रित करने और तकनीकी रूप से कुशल समुद्री योद्धा बनने का आग्रह किया। मुख्य अतिथि ने मेधावी अग्निवीरों को पदक और ट्रॉफी से सम्मानित किया।


शान निराली आके देखो कितना ये ज़ीशान है, चाँदी की जाली में सोया मेवाड़ी सुल्तान है।



कुतबे ज़माना हज़रत विलायत अली शाह साहब उर्फ

दीवाना शाह साहब र. अ.

का 83वां उर्स शरीफ

तारीखें उर्स -: 6 सफर 1446 हिजरी, मुताबिक 12 अगस्त 2024 बरोज सोमवार से शुरू होकर 8 सफर 1446 हिजरी, मुताबिक 14 अगस्त 2024 बरोज बुधवार सुबह कुल की फातेहा होगी। लिहाज़ा शिरकते उर्स फरमाकर फैज़याब हों और अपना दामने उम्मीद भरें।

Soni-9829707145

मिनजानिब :- वक्फ कमेटी, दरगाह शरीफ, दीवाना नगर कपासन, जिला- चित्तौड़गढ़ (राज.) Phone No. : 01476-294212, 230212


राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908